

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 27 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-327 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# शराब घोटाले में केजरीवाल व सिसोदिया बरी

नई दिल्ली,27 फरवरी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए आज का दिन बड़ी राहत और भावुक पलों से भरा रहा। शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। कोर्ट का फैसला आने के बाद जब केजरीवाल बाहर आए, तो वे मीडिया से बात करते हुए अपने आंसुओं को रोक नहीं पाए। उन्होंने रुंधे हुए गले से कहाः "मुझ पर कीचड़ उछाला गया": केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से भाजपा ने उन पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए, लेकिन आज कोर्ट ने उन सभी को सिरे से खारिज कर दिया है।

**कोर्ट के बाहर फफक-फफक कर रो पड़े अरविंद**

**"मैं कट्टर ईमानदार हूं":** भावुक होते हुए उन्होंने दोहराया, "केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी में केवल ईमानदारी ही कमाई है। आज कोर्ट ने भी साबित कर दिया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं"।

**षड्यंत्र का आरोपः** उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि यह स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र था ताकि 'आप' को खत्म किया जा सके।



**परिवार से मिलते ही छलके आंसू**-कोर्ट से बरी होने के बाद जब केजरीवाल अपने घर पहुंचे, तो वहां का माहौल और भी भावुक हो गया। उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और बच्चों को गले लगा लिया और काफी देर तक फफक-फफक कर रोते रहे। सुनीता केजरीवाल ने उन्हें सहारा दिया और ढांढस बंधाया।

**अदालत का फैसला और राजनीतिक मायने**- अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया और सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और सीबीआई अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच की सिफारिश की है। यह फैसला अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है, जिन्होंने इस मामले के कारण 2024 में जेल जाने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में इस फैसले के बाद जश्न का माहौल है।

### फैसले के खिलाफ सीबीआई करेगी हाईकोर्ट में अपील

सीबीआई ने दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और के. कविता सहित अन्य को बरी किए जाने के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। बता दें कि दिल्ली की विशेष अदालत ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत अन्य सभी आरोपियों को कथित शराब नीति घोटाला मामले में शुक्रवार को बरी कर दिया। अदालत ने इन आरोपियों के खिलाफ सीबीआई के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा कि एजेंसी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत हाई कोर्ट में अपील करने का फैसला किया है क्योंकि जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज कर दिया गया है या उन पर ठीक से विचार नहीं किया गया है। सीबीआई इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में तुरंत चुनौती देगी।



# रॉन्ग साइड से आए ट्रेलर ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर,4 दोस्तों की मौत

**बिलासपुर,27 फरवरी।** न्यायधानी के सकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की देर रात एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार और लापरवाही ने चार लोगों की जान ले ली। ग्राम सम्बलपुरी स्थित यादव ढाबा के पास करीब रात 2 बजे, सकरी-रतनपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर (CG 11 BD 9044) के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में घुसते हुए सामने से आ रही स्कॉर्पियो (CG 04 MQ 4220) को सीधी टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और ट्रेलर पास खड़े एक अन्य वाहन को टक्कर मारते हुए पलट गया। स्कॉर्पियो में सवार पांच लोग गाड़ी के मलबे में बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस को गैस कटर का सहारा लेना पड़ा। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जब उन्हें बाहर निकाला गया, तब तक छत्रपाल रात्रे (37), विशाल लहरें (25), अनमोल लहरें (14) और सोनू मिरी (28) की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रकाश रात्रे को तत्काल सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ये सभी मृतक यादव ढाबा में आयोजित एक विवाह की 25वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे, तभी खुशियां मातम में बदल गईं। सकरी पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कार ने बाइक सवार की ली जान

**जांजगीर-चाम्पा.** नवागढ़ क्षेत्र के जगमहंत और बुड़ेना गांव के बीच अज्ञात कार की ठोकर से बाइक सवार युवक विनय सागर की मौत हो गई. इलाज के लिए नवागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार, पामगढ़ क्षेत्र के जेवरा गांव निवासी विनय सागर, चौराभांठा षष्ठी कार्यक्रम में शामिल होने आया था. इस दौरान वह बाइक से जा रहा था. तभी वह जगमहन्त और बुड़ेना गांव के बीच पहुंचा था कि अज्ञात तेज रफ्तार कार ने युवक को ठोकर मार दिया. मौके पर पहुंचकर डायल 112 के आरक्षक शिव प्रसाद बघेल ने घायल युवक को इलाज़ के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने युवक विनय सागर को मृत घोषित कर दिया. मामले में पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है.

## क्रिकेटर रिंकू सिंह पितृ शोक

**नई दिल्ली,27 फरवरी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद्र सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। वह स्टेज-4 लिवर कैंसर से पीड़ित थे और पिछले कुछ समय से उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया। पिता की नाजुक हालत की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह को टीम इंडिया का साथ छोड़कर तुरंत स्वदेश लौटना पड़ा था।

## गर्लफ्रेंड के साथ रंगरेलियां मनाते फॉरेस्ट गार्ड की पिटाई

**सूरजपुर,27फरवरी।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक फॉरेस्ट गार्ड को ग्रामीण युवकों ने नर्सरी परिसर में उसकी महिला मित्र के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। यह घटना नर्सरी परिसर की बताई जा रही है। यहां फॉरेस्ट गार्ड अपनी गर्लफ्रेंड के साथ वहां मौजूद था, तभी कुछ ग्रामीण युवक मौके पर पहुंच गए और उसे पकड़ लिया। युवकों ने गर्लफ्रेंड के सामने ही गार्ड की डंडे और बेल्ट से पिटाई की। इस दौरान युवकों ने घटना का वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में फॉरेस्ट गार्ड को वर्दी में दिखाई दे रहा है और कुछ युवक उसके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, मोबाइल में गाने बजाकर उससे जबरन डांस भी कराया गया।

## ओडिशा में साथियों ने ही 22 लाख के इनामी नक्सली को मारकर दफनाया

**जगदलपुर,27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा के कंधमाल जिले के जंगल में 22 लाख रूपए के ईनामी नक्सली अन्वेश उर्फ़ रैनू का शव जंगल से पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के मुताबिक अन्वेश अपने 10-11 साथियों के साथ पुलिस के सामने सरेंडर करना चाहता था, जिसका विरोध कर रहे एसजेडसीएम सुकरू ने डीवीसीएम सिला और एसीएम जागेश के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव ताकिमाहा गांव (पकारी आरएफ) के पास जंगल में दफना दिया। मृतक छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का निवासी था और केकेबीएन डिवीजन में डीवीसीएम/मिलिट्री प्लाटून कमांडर था और उस पर 22,00,000 रूपए का इनाम घोषित था। यह उल्लेखनीय है कि संदिग्धों में से एक, एसीएम जागेश, 22 फरवरी, 2026 को नंदबाली आरएफ क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा जा चुका है। एक नक्सली के शव को गुप्त तरीके से दफन करने के संबंध में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, कंधमाल पुलिस ने शव बरामदगी अभियान शुरू किया। एसपी के निर्देश पर, आईआईसी डारिंगबाड़ी के नेतृत्व में एक टीम ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट के साथ मिलकर सफलतापूर्वक दफन स्थल की पहचान की। कठोर कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को निकाला गया और पोस्टमार्टम और फोरेंसिक विश्लेषण के लिए बरहामपुर स्थित एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भेज दिया गया है।

# बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने के मुद्दे पर विपक्ष का वॉकआउट

**रायपुर,27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा उठाया. इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने वॉक आउट किया. कांग्रेस विधायक संगीता सिंह ने प्रश्नकाल में बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि अब तक कौन-कौन से कार्य वित्त विभाग के पास लंबित है और क्यों? इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्पष्ट किया कि कोई भी कार्य वित्त विभाग में लंबित नहीं है. इस पर विधायक ने सिंचाई और लोक निर्माण विभाग के पूरे काम वित्तीय विभाग में पेंडिंग होने की बात कही. इस पर मंत्री ने कि हमारी सरकार की स्पष्ट मंशा है कि हम कोई कार्य पेंडिंग न रखकर उसे ज्यादा से ज्यादा कर सके. इसके लिए नवीन मद की राशि भी बढ़ा दी गई है. मशीन उपकरण को 50 हजार से बढ़ाकर 1 करोड़ कर दिए हैं. प्रशासकीय स्वीकृति 2 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ बढ़ा दी गई है.



उन्होंने कहा कि बजट में प्रावधान बहुत ज्यादा होता है. सरकार प्राथमिकता से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करती है. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि बालोद के बारे में तो बताइए. मंत्री ने कहा कि बालोद के लिए भी वित्त विभाग में कोई फाइल लंबित नहीं है. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि पीडब्ल्यूडी से वित्त विभाग की फाइल मांगकर उसे स्वीकृत करेंगे क्या? मंत्री ने कहा कि हर कार्य की एक प्रक्रिया होती है. विधायक ने कहा कि 18 करोड़ को जो स्वीकृति है, वो तो आप दे सकते हैं. इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि विभाग सबकुछ तो करता है. भूपेश बघेल ने कहा कि वित्त मंत्री जी काफी उदार है. आप घोषणा कर दीजिए, हम भी आपका स्वागत कर देंगे. मंत्री ने दोहराया कि सबकी एक पद्धति होती है. भूपेश बघेल ने कहा कि आप सब कह दे रहे हैं, लेकिन स्वीकृति नहीं दे पा रहे हैं. इसके साथ ही वित्त मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने वॉक आउट किया.

**पशुओं के रख-रखाव पर विधायक कुंवर सिंह निषाद नाराज**

# गौमाता के नाम से वोट मांगा है तो घोषित करें राष्ट्रमाता

**रायपुर,27 फरवरी।** विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक कुंवर सिंह निषाद ने राज्य में घुमंतू पशुओं के रख-रखाव और संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का मुद्दा उठाया. मंत्री द्वारा दी गई जानकारी को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग गौमाता के नाम से वोट मांगा है, तो उन्हें राष्ट्रमाता घोषित कर दिया जाना चाहिए.

दरअसल, विधायक कुंवर सिंह निषाद ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि घुमंतू पशुओं के रख-रखाव संरक्षण के लिए राज्य में कौन-कौन सी योजना चल रही है. मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि पशुधन विभाग से जो योजना चल रही है, उसमें आदर्श गोधाम, गोकुल धाम गौ अभ्यारण योजना है. विधायक ने इस पर सवाल किया कि कितने पशुओं का रख-रखाव योजना के माध्यम से हो रहा है. इस पर मंत्री ने कहा कि गोधाम योजना के तहत 620 पशुओं के संरक्षण ओर व्यवस्थाओं के लिए इतंजाम किया गया है. कई सारे जगह में कार्य प्रक्रियाधीन हैं, उसे जल्द चालू करेंगे. इस पर विधायक ने सवाल किया कि 620 पशुओं के चारा-पानी की व्यवस्था सरकार कर रहा है, या कोई और कर रहा है? इस पर मंत्री ने बताया कि 36 गोठानों में गौधाम की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई गई है. जब राशि पंजीकृत संस्थाओं को दिया जाता है, तो वो उसका सही उपयोग किया जाता है. इस पर विधायक ने स्वीकृत राशि निरंक होने की जानकारी दी. मंत्री ने स्पष्ट किया कि 36 गोठानों में पशुओं को रखने का व्यवस्था करेंगे. केवल आरोप लगाने से नहीं होता. प्रदेश में घुमंतू आवारा पशुओं को भी हम संरक्षित रखने का कार्य कर रहे हैं. विधायक ने सवाल किया कि ये गोठान कहां-कहां संचालित हैं. मंत्री ने बताया कि दो गोठान तखतपुर-बिलासपुर और साजा-बेमेतरा में संचालित हैं. और राजपुर-मरवाही में. इस तरह से 11 जगह गोठान खुले हैं, और 3 जगह संचालित हैं. विधायक ने इस पर सवाल किया कि संचालित करने के लिए अभी ठोस कार्य योजना नहीं है? मंत्री ने बताया कि जितने भी घुमंतू पशु हैं, वह नगरीय क्षेत्र में है, और हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अलग है. रख-रखाव हमारा काम नहीं है संरक्षण से संबंधित कार्य है हमारा.इसके पहले विधायक पुन्नू लाल मोहले ने आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम से विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में किसानों को फसल उत्पादन, संरक्षण प्रौद्योगिकी, फसल प्रणाली आधारित प्रदर्शनी फसलों की किस्म प्रमाणित बीजों के उत्पादन और वितरण पोषक तत्व की प्रबंधन तकनीक उन्नत कृषि उपकरण पर व्यय राशि का ब्यौरा मांगा.मंत्री नेताम ने कहा कि मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित विकासखंड मुंगेली और पथरिया में 2023 से 26 तक किसानों को फसल उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकी फसल प्रणाली आधारित प्रदर्शनी फसलों की नई किस्म के प्रमाणित बीजों के उत्पादन और एकीकृत पोषक तत्व कीट प्रबंधन तकनीक की कीमत कृषि उपकरण संसाधन, संरक्षण मशीन जल विभाग द्वारा उपलब्ध किये जाने की बात कही.



## भारत-इज़राइल ने कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया

**तेल अवीवः** भारत और इज़राइल ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भू-भौतिकीय अन्वेषण, मत्स्य पालन और जलीय कृषि, यूपीआई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने सहित कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। ये समझौते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत-इज़राइल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनशीलता पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, "यह बंधन समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।" मोदी ने ऐतिहासिक महत्व देते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने अपनी दीर्घकालिक साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि नौ साल पहले वे इज़राइल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे।

# पूर्व नक्सलियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**आसंदी ने समाज की मुख्य धारा में लौटने पर दी शुभकामनाएं**



**रायपुर,27 फरवरी।** शासन की नीति के तहत पुनर्वास करने वाले 120 समर्पित नक्सली आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहुंचकर कार्यवाही देखी. इस दौरान आसंदी ने समाज की मुख्य धारा में लौटने पर शुभकामनाएं दी. विधानसभा पहुंचे 120 समर्पित नक्सलियों में 66 पुरुष और 54 महिलाएं शामिल थीं. इनमें 6 पूर्व सेंट्रल कमेटी के मेंबर रूपेश, बसवा, चैतू, ललिता, राजू भी शामिल थे. एक तरफ जहां नक्सल संगठन में सामान्य सदस्य रहे समर्पित नक्सलियों ने दर्शक दीर्घा तो दूसरी ओर सेंट्रल कमेटी में लीडर रहे नक्सलियों ने अध्यक्षीय दीर्घा में बैठकर कार्यवाही देखी. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ विधानसभा के ऐतिहासिक दिन है. इतिहास में आज का दिन दर्ज हो गया. लोकतंत्र में ऐसे पुर्नवास करने वाले नक्सलियों का स्वागत अभिनंदन है.

### जंगल सफारी का भी किया भ्रमण

**रायपुर,27 फरवरी।** प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सल पुनर्वास नीति को जमीनी रूप देते हुए एक अनोखी पहल की है. पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पण कर चुके पूर्व नक्सलियों को राजधानी रायपुर स्थित नंदन वन जंगल सफारी घुमाने ले जाया गया, जहां उन्होंने खुलकर बातचीत की और उनके अनुभव सुने. इसे पुनर्वास नीति के मानवीय चेहरे के तौर पर देखा जा रहा है.आत्मसमर्पण कर चुके पूर्व नक्सलियों को राजधानी रायपुर स्थित नंदन वन जंगल सफारी घुमाने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने सरकारी निवास पर सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया. गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनके वर्तमान जीवन, जरूरतों और पुर्नवास की स्थिति का जायजा लिया.

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में युद्ध शुरू, 55 पाक सैनिक ढेर

**कंधार,27 फरवरी।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान में युद्ध शुरू हो गया है। गुरुवार देर रात अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर हमला कर दिया। कुनार प्रांत में तालिबान लड़ाकों के हमले में पाकिस्तानी सेना के 55 जवान मारे गए हैं। वहीं तालिबानी लड़ाकों ने पाकिस्तान की 19 चौकियों पर भी कब्जे का दावा किया है। अफगान बलों ने एक पाकिस्तानी विमान को मार गिराया है जो अफगानिस्तान के एयर स्पेस में घुस गया था। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उनके पास हैं। यह जानकारी टोलो न्यूज ने तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के हवाले से दी है। तालिबान के हमलों के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान तालिबान के खिलाफ 'ओपन वॉर' घोषित कर दिया। इसके बाद पाक ने भी काबुल-कंधार में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान ने 72 तालिबान लड़ाके मारने का दावा किया है। इससे पहले पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्तुल्लाह तरार ने सोशल मीडिया पर कहा कि "अफगान तालिबान के रक्षा ठिकानों" को काबुल, पकतिया प्रांत और कंधार में निशाना बनाया गया। वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने काबुल के खिलाफ "खुली जंग" की घोषणा की, जबकि आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने इसे "तालिबान की खुली आक्रामकता का उचित जवाब" बताया। काबुल में करीब दो घंटे तक लड़ाकू विमानों की आवाज, जोरदार धमाके और गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई दी। कंधार में मौजूद पत्रकारों ने भी आसमान में जेट विमानों की आवाज सुनने की पुष्टि की। यह शहर तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजदा का गढ़ माना जाता है। काबुल-कंधार में पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक पर अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने पाकिस्तान पर काबुल, कंधार और पक्तिया में हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर लिखा, डरपोक पाकिस्तानी सेना ने काबुल, कंधार और पक्तिया में एयरस्ट्राइक की हैं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# दिन में स्ट्रीट लाइटें जलती देख लापरवाही पर भड़के आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 फरवरी ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विकास एवं बेहतर नागरिक सुविधाओं के उद्देश्य से जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित डामरीकरण सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल प्रबंधन का जायजा लिया गया। आयुक्त ने वार्ड 46 मिनी माता नगर में नई डामरीकरण सड़क की गुणवत्ता की समीक्षा की तथा अधिकारियों को पेयजल के दुरुपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पानी व्यर्थ बह रहा है, वहां तत्काल टैप लगाकर जल संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल संरक्षण में निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि टोंटियों की चोरी जैसी असामाजिक गतिविधियों के कारण पेयजल की बर्बादी होती है और कई घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अनावश्यक रूप से जलती स्ट्रीट लाइटों पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि शहरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। सभी बुनियादी सेवाएं समय पर और व्यवस्थित रूप से पहुंचें, यह सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रिसाली में दो दिन जल आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**रिसाली,27 फरवरी (तछसं.)।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र अंतर्गत डुडेरा व पुरैना के पांच वार्डों में शुक्रवार और शनिवार को जल आपूर्ति पूर्णतः प्रभावित रहेगी। मोरिद स्थित 6 एमएलडी जल शोधक संयंत्र में तकनीकी खराबी आने के कारण मरम्मत कार्य हेतु शटडाउन लिया जा रहा है। जल कार्य विभाग के सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि संयंत्र में आई खराबी को दुरुस्त करने के लिए दो दिन का शटडाउन आवश्यक है। इस अवधि में संबंधित वार्डों में नलों से पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पानी का संग्रह कर लें तथा जल का उपयोग संयमित रूप से करें।

# बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती: बंछोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,27 फरवरी।** रायपुर संभाग किसान मोर्चा प्रभारी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा तय करेगा तथा किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। रेखराम बंछोर ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो सर्वहितकारी समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि बजट का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा। उन्होंने बताया कि बजट में तकनीकी शिक्षा संस्थानों के उन्नयन, नए आईटीआई एवं कौशल विकास केंद्रों की स्थापना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सहायता योजनाओं तथा स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को समान अवसर प्राप्त होंगे। बंछोर ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ में गांवों और शहरों के सर्वांगीण विकास की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक लेकर दी जाए जरूरी हिदायत : विजय अग्रवाल



**भिलाई, 27 फरवरी (तछसं.) ।** आगामी होली त्योहार के मद्देनजर गुरुवार की सुबह 10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-06 में डीआईजी विजय अग्रवाल ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक ली इस बैठक में निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित कर आमजन को आवश्यक समझाइश दी जाए दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में होली के दौरान घटित घटनाओं के आधार पर चिन्हित स्थलों पर पर्याप्त बल तैनात किया जाए संवेदनशील क्षेत्रों, बस्तियों, पॉश कॉलोनियों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर फिक्स पिकेट स्थापित किए जाएं दोपहिया वाहन में तीन सवारी, स्टंटबाजी, मार्ग में हुड़दंग एवं नशे की स्थिति में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी बदमाश एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती ममता देवांगन सहित सभी राजपत्रित अधिकारी, रक्षित निरीक्षक दुर्ग एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित थे ।

### गांजा सहित दो लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 27 फरवरी (तछसं.) ।** थाना कुम्हारी और भिलाई नगर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को 1.763 किलो गांजा के साथ पकड़ा है आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत कार्रवाई की गई दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है कुम्हारी थाना पुलिस पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति महामाया उद्यान धान खरीदी केंद्र के पास कुम्हारी में गांजा बिक्री के लिए खड़ा हुआ है टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर सुमित पटेल, ( 32 साल ) निवासी डीएमसी तालाब, मस्जिद के पास कुम्हारी को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग के थैले में 1.318 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया वहीं दूसरे मामले में भिलाई नगर थाना पुलिस को 6 सूचना मिली थी कि सेक्टर भिलाई स्थित पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति काले रंग के बैग में मादक पदार्थ गांजा रखकर घूम रहा है पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर शिवा मुदलियार, ( 23 साल ) निवासी नेहरू नगर मॉडल टाउन सुपेला भिलाई की तलाशी लेने पर काले प्लास्टिक थैले से 445 ग्राम गांजा बरामद किया ।

### नगर निगम की एमआईसी बैठक में कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**दुर्ग,27 फरवरी।** एमआईसी बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास पर व्यापक निर्णय नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ सभी एमआईसी सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बारी बारी महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई और कई प्रमुख विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित,एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू,शिव नायक, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल,हर्षिका संभव जैन,उपायुक्त मोहेन्द्र साहू,अभियंता अधिकारी विनीता वर्मा,मो सलीम सिद्दीकी,प्रकाशचंद थावनी,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,सुरेश केवलानी,पंकज साहू, रेवाराम मनु,दुर्गेश गुप्ता,शोएब अहमद,अभ्युदय मिश्रा,थानसिंग यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्टील मेल्टिंग शॉप में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 फरवरी ।** स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में 17 से 24 फरवरी तक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक पी. के. सरकार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा शपथ से हुई तथा सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान भाषण, पोस्टर, स्लोगन, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ÷गैस सेफ्टी एवं लाइफस्टाइल डिजीज÷ विषय पर विशेष कार्यशाला भी हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी ने सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन का संकल्प लिया।

# परमात्मा की याद में कर्म करने से जीवन बनता है सरल:आत्मप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 फरवरी ।** सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश भाई ने आत्मिक स्मृति और परमात्मा की याद में कर्म करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा इस मनुष्य रूपी कल्पवृक्ष के बीजरूप हैं और उन्हें सर्वज्ञ, जानीजाननहार कहा जाता है। हम सभी आत्माएं इस सृष्टि पर अशरीरी (विदेही) रूप में आई हैं और अशरीरी बनकर ही वापस जाना है। इसलिए आत्मिक स्मृति में रहकर जीवन जीना आवश्यक है। ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश भाई ने कर्मयोग की व्याख्या करते हुए कहा कि हाथों से कर्म करते हुए मन और बुद्धि से परमात्मा को याद करना ही सच्चा कर्मयोग है। जो व्यक्ति स्वयं को ट्रस्टी समझकर, सब कुछ प्रभु की अमानत मानकर कर्म करता है, वही सहज राजयोगी है। उन्होंने कहा कि दो बातों का विशेष ध्यान रखें कि कर्म करते समय स्वयं को ट्रस्टी समझें। जगत नियंता परमात्मा को करनकरावनहार मानते हुए उनकी स्मृति में रहें। उन्होंने कहा कि मन शांत और निर्मल हो, वाणी मधुर हो तथा कर्म सबको सुख देने वाले हों। उन्होंने बताया कि सतयुग में एक राज्य, एक धर्म और एक भाषा थी, जिसे रामराज्य, प्राचीन स्वर्णिम भारत और स्वर्ग कहा जाता था। कार्यक्रम के पश्चात भोलेनाथ शिव बाबा की भंडारी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी सहित भिलाई के सभी सेवा केंद्रों की प्रमुख बहनों ने

# महिला उद्यमियों को मार्केट डेवलपमेंट का दिया प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 फरवरी ।** केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा नगर निगम भिलाई में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह को बाजार विकास सहायता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी एवं मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन तथा निर्यात के अवसरों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। विशेषज्ञों ने बताया कि महिला उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण आधार भी है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस जैसे प्रयास महिला उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## विश्वव्यापी ओशो सक्रिय ध्यान महोत्सव 1 मार्च से

**भिलाई, 27 फरवरी (तछसं.) ।** ओशो आश्रम भिलाई-3 में पहली से 21 मार्च तक 21 दिवसीय ओशो सक्रिय ध्यान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8=30 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु ओशो द्वारा विकसित सक्रिय ध्यान विधि आधुनिक जीवन की भागदौड़ को ध्यान में रखकर तैयार की गई एक प्रभावशाली प्रक्रिया है। यह पद्धति तनाव, अनिद्रा और मानसिक दबाव से जूझ रहे लोगों को राहत प्रदान करने में सहायक मानी जाती है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को शरीर, मन और भावनाओं की शुद्धि, आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा स्वयं के साथ गहरे जुड़ाव का अनुभव कराने का लक्ष्य रखा गया है।



## यूनिवर्सल रेल मिल में आप भी जानिए कार्यक्रम

**भिलाई, 27 फरवरी ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-2 द्वारा यूनिवर्सल रेल मिल में 25 फरवरी को अधिकारियों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ब्लास्ट फर्नेस-8, एस.एम.एस.-3, प्लेट मिल और यूनिवर्सल रेल मिल का भ्रमण कराया गया। अधिकारियों ने सुरक्षित कार्य संस्कृति में परिवार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कुल 17 महिलाओं ने सहभागिता की और कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।



# सेल की स्टील से तैयार हुआ आईएनएस अंजदीप, नौसेना में शामिल होने जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 फरवरी।** देश की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस अंजदीप के लिए आवश्यक संपूर्ण विशेष-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस अंजदीप भारतीय नौसेना में शामिल होने जा रहा तीसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट कार्वेट है। इससे पहले आईएनएस अरनाला और आईएनएस एंड्रोथ को नौसेना में शामिल किया जा चुका है। नौसेना के पुराने अभय-श्रेणी जहाजों के स्थान पर इन अत्याधुनिक एएसडब्ल्यू-एसडब्लूसी कार्वेट का स्वदेशी निर्माण किया जा रहा है। इस रणनीतिक परियोजना के अंतर्गत सेल ने आठ कार्वेट्स के लिए लगभग 3,500 टन विशेष-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। यह स्टील सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से उपलब्ध कराई गई।

# हेरोइन सप्लाई के मामले में पुलिस ने 4 लोगों को पकड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 फरवरी ।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर शादी भवन के समीप हेरोइन की सप्लाई करने वाले चार आरोपियों को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पंजाब से भिलाई लाकर सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 1 लाख 72 हजार 800 रुपए की हेरोइन, 4 नग मोबाइल एवं एक पल्सर जब्त की है वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर थाना वैशाली नगर एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम ने शिव मंदिर के पास, जवाहर नगर शादी भवन के समीप घेराबंदी कर कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 8.640 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), नगद राशि, 4 नग मोबाइल एवं एक पल्सर मोटर साइकिल बरामद किया है। पूछताछ में मादक पदार्थ की आपूर्ति श्रृंखला का खुलासा होने पर एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी शेखर राव (18 साल ) निवासी सुभाष चौक कैंप 1, कुंदन उर्फ कुम्बज वर्मा (27 साल ) निवासी सुभाष चौक, मोहम्मद सोहेल खान (28 साल ) निवासी संजय नगर थाना टिकरापारा रायपुर व हर्ष भट्टी निवासी शांति नगर को गिरफ्तार किया है सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर धारा 21 (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

# कार्यशाला में महिलाओं को कानून की जानकारी दी

**दुर्ग, 26 फरवरी ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभा कक्ष में आज महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों पर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिलाओं तथा बच्चों के अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 तथा शी-बाक?स पोर्टल के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के. जाम्बुलकर द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यशाला में अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के संबंध में एडिशनल एस.पी. श्रीमती चित्रा वर्मा ने विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के विषय में विषय विशेषज्ञ श्रीमती रचना नायडू ने अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, कारखानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं शॉपिंग मॉल आदि में, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित कार्यस्थल का अधिकार, घटना के तीन माह के भीतर शिकायत दर्ज करने का अधिकार, गोपनीयता का अधिकार नाम सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

# 28 फरवरी तक डीओ कटवाकर धान उठाव सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**दुर्ग, 27 फरवरी ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राइस मिलर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान उठाव की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है, जिससे समितियों में धान का भंडारण बढ़ रहा है। उन्होंने 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 15 मार्च तक सभी समितियों से धान उठाव पूर्ण करने की समय-सीमा तय की।

कलेक्टर ने कहा कि उठाव के समय जिन स्थानों के लिए टैगिंग की जा चुकी है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए। इस संबंध में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) के वितरण एवं उठाव की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मिलिंग के साथ-साथ एफआरके की निर्धारित मात्रा का भी समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में मिलर्स ने डीओ कटवाकर उठाव में तेजी लाने पर सहमति जताई और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने सभी मिलर्स को निर्देश दिए कि मार्च माह में पीडीएस के तहत चावल वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो दिवस के भीतर टैगिंग अनुसार चावल संबंधित गोदामों में जमा कराएं। इसके अलावा उसना मिलिंग की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने शेष लक्ष्य अनुसार डीओ के लिए आवेदन प्रस्तुत करने को कहा, ताकि धान उठाव एवं मिलिंग कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक श्री अनुराग भदौरिया, जिला विपणन अधिकारी श्री राहुल कुमार, नागरिक आपूर्ति निगम से नीलिमा ठक्कर उपस्थित थी।

## अग्निवीरों के लिए विभिन्न पदों पर 1 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद 27 फरवरी।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीरों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। जो भारतीय सेना की वेबसाईट joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि महासमुन्द जिले के ऐसे अविवाहित पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 01 जुलाई 2005 से 01 जनवरी 2009 के मध्य है वे इस भर्ती के लिए 1 अप्रैल 2026 तक ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते हैं। अग्निवीर भर्ती जनरल (महिला व पुरूष), अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडमेन ( 8वीं और 10वीं पास) के पदों के लिए जारी की गई है।

इसके अतिरिक्त सिपाही (फार्मा) के पदो के लिए भी पुरूष आवेदकों से आवेदन मंगाए गए हैं जिनकी जन्मतिथि 01 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 के बीच होना अनिवार्य है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212/ 0771-2965212 पर संपर्क कर सकते हैं।

## निधन

### श्रीमती मल्लि पाणिग्रही



**भिलाई, 27 फरवरी ।** लव कुश किराना के संचालक लव पाणिग्रही की माताश्री श्रीमती मल्लि पाणिग्रही का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय श्रीमती पाणिग्रही की अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे उनके निवास सुभाष नगर, नंदिनी रोड, बंगाली मोहल्ला से रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान की।

## एक नजर

### शराब बिक्री करते कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 27 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है।समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 25.02.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कसडोल पुलिस टीम द्वारा ग्राम गोरधा नहर रोड नहर के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?3600 कीमत मूल्य का 30 पाव गोवा अंग्रेजी शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्त22 ङ्ग7414 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कसडोल में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

### आपदा पीड़ित 5 परिवार को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 27 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवार के लिए 4 लाख रुपये प्रति परिवार के मान से कुल 20 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम बोरसी निवासी दानेश्वर साहु पिता विनोद साहु,तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम मल्दी निवासी शिव कुमार यदु , तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम आमाकोनी निवासी ताराचंद ध्रुव पिता गज्जू ध्रुव,तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम ओड़ान निवासी मनोज कुमार ध्रुव पिता नंदकिशोर ध्रुव की पानी में डूबने एवं तहसील लवन अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया निवासी जमुना कैवर्तत्य पिता सम्मेलाल केंवट की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसानो को 4 -4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### सब्सिडी से सोलर पैनल लगाना हुआ आसान

**रायपुर, 27 फरवरी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट तक के रूफ्टॉप सोलर सिस्टम पर 60त्न तक या 1 लाख 8 हजार की सब्सिडी मिलती है द्य इस योजना के तहत घरों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य है, जिसके लिए आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन करना होता है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए लोगों में लगातार रूझान बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जिले के बलरामपुर जिला के राजपुर विकासखंड के चरगढ़ निवासी श्री भूखनारायण सिंह का घर जगमग हो रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रभावित होकर श्री सिंह ने अपने घर में 3 किलोवाट का रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाया है, जिससे उनका बिजली का बिल कम हो गया है। उन्होंने बताया कि घर में बिजली के उपयोग के आधार पर पहले प्रतिमाह हजारो रूपए बिजली का बिल आता था। जो कि अब कम हो गया है। भूख नारायण सिंह ने बताया कि रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाने में लगभग 2 लाख रुपए की लागत आयी है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तथा राज्य शासन द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सिडी मिली है। इस प्रकार कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी मिली है। शेष राशि के लिए बैंक फाइनेंस की सुविधा मिली है। बैंक फाइनेंस बहुत ही आसान किस्तों में हुआ है। श्री सिंह प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर घरों पर रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगवाने के लिए अन्य लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी लोगों को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना से बार-बार बिजली बंद होने की समस्या से निजात मिली है, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

### पक्का घर का सपना हुआ पूरा- जीतन राम

**रायपुर, 27 फरवरी।** पहले जहां मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले जीतन राम वर्षों से कच्चे मकान में रहते थे, जिससे परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जीतन राम बताते हैं कि जब भी वे कर्रा से 8 किलोमीटर दूर राजपुर शहर खेती-बाड़ी के लिए जाते थे वहां पक्के मकानों को देखकर उनके मन में भी अपना पक्का घर बनाने की इच्छा होती थी। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। बलरामपुर जिला के राजपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्रा निवासी श्री जीतन राम प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर सुखमय जीवन बिता रहे हैं। जीतन राम बताते हैं कि ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली।

# मुख्यमंत्री ने संघ की 100 वर्षों की गौरवगाथा पर आधारित फिल्म 'शतक' को टैक्स-फ्री करने की घोषणा की



**रायपुर, 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने फिल्म के प्रदर्शन के बाद कहा कि 'शतक' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और समर्पण की सतत साधना का सजीव चित्रण है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरक गाथा जन-जन तक पहुँचे और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के तप, त्याग और दूरदर्शी विचारों से प्रारंभ हुई इस यात्रा को पूजनीय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने नई दिशा और संगठनात्मक शक्ति प्रदान की। एक शताब्दी का यह इतिहास लाखों स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य किया है। आपदा, संकट और सामाजिक आवश्यकताओं के समय संघ कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की यही प्रेरणा शासन के कार्यों में भी मार्गदर्शक बनती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फिल्म 'शतक' युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेगी।

लोक भवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में गूंजा जय जोहार जय-छत्तीसगढ़

# युवाओं के अंदर समाज के प्रति कुछ योगदान देने की भावना बहुत ज़रूरी, छोटी-छोटी बातों से आता है बड़ा बदलावः राज्यपाल



**रायपुर, 27 फरवरी।** लोक भवन में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज केंद्रीय युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'माय भारत युवा कार्यक्रम' अंतर्गत युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत गुजरात से छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए माय भारत वॉलेंटियर्स के प्रतिनिधि मंडल से मुलाक़ात की। उन्होंने माय भारत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विभिन्न राज्यों के युवाओं के मध्य सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वैचारिक आदान-प्रदान सुदृढ़ होता है जिससे राष्ट्रीय एकता की भावना और अधिक सशक्त होती है। उन्होंने गुजरात से आए माय भारत वॉलेंटियर्स से आत्मीय संवाद किया और उनसे छत्तीसगढ़ यात्रा के बारे में अनुभव जाने।

श्री डेका ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी युवा देश निर्माण में अपना योगदान ज़रूर दें। अपने उद्बोधन में श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और भगवान राम का ननिहाल है। यहाँ बस्तर में एशिया का नियाग्रा कहा जाने वाला चित्रकोट जलप्रपात अद्भुत है। उन्होंने गुजरात से आए युवाओं को बताया कि छत्तीसगढ़ में आपको 5000 साल पुरानी संस्कृति के दर्शन होंगे। श्री डेका ने कहा छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हो रहा है। जल्द ही यह प्रदेश एजुकेशनल हब के रूप में देश में जाना जाएगा। युवाओं के अंदर समाज के प्रति कुछ योगदान देने की भावना बहुत ज़रूरी होती है क्योंकि छोटी-छोटी बातों से बड़ा बदलाव आता है। उन्होंने कहा अगर हम अपने घर के आस पास की स्वच्छता में योगदान दें या अपने पड़ोस के बुजुर्गों की सेवा करें, उनके जीवन के अनुभव जानें रोज़मर्रा के काम में उनकी मदद करें तो भी यह सराहनीय है। उन्होंने कहा आज टेक्नोलॉजी का ज़माना है, तकनीक का सही इस्तेमाल करके मानव जाति के विकास में नए आयाम तय किए जा सकते हैं। युवाओं को ए आई के इस युग में सही ग़लत का अंतर समझना भी ज़रूरी है। उन्होंने टाइम मैनेजमेंट और जीवन में मोबाइल और विशेषकर सोशल मीडिया में के उपयोग में संतुलन बरतने की भी बात युवाओं से कही। उन्होंने कहा कि अपने पैशन को फॉलो करके भी युवा अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने इस दौरान देश और गुजरात राज्य के प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की भी चर्चा की। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी मौजूद थे उन्होंने माय भारत वालेंटियर्स को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए राज्यपाल महोदय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हमारा छत्तीसगढ़ मिनी इंडिया है, यहाँ सभी राज्य और समाज के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द्य के साथ रहते हैं। यहाँ बहुतायत में गुजराती और वैष्णव समाज के लोग रहते हैं। वैष्णव संप्रदाय से संबंधित पूजनीय महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली चंपारण हमारे छत्तीसगढ़ में है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय एकता की भावना को बल प्रदान करने वाले इस अभियान की सराहना करते हुए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। माय भारत कार्यक्रम के राज्य निदेशक श्री अर्पित तिवारी ने भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप प्रदान करते हुए राज्यों के मध्य सौहार्द, सहयोग एवं आपसी समझ को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक एवं भाषाई विविधताओं का परिचय, व स्थानीय परंपराओं एवं खानपान का अनुभव, युवाओं के मध्य संवाद एवं नेतृत्व कौशल का विकास कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना है। लोक भवन में गुजरात से आए युवाओं का आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे युवा काफ़ी भावुक हो गए। इस दौरान लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में जय जोहार जय छत्तीसगढ़ का नारा गूंज उठा। राज्यपाल श्री डेका से हुए आत्मीय संवाद ने इन युवाओं को प्रेरित किया। युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आकर यहाँ के लोगों से मिलकर, यहाँ की कला, संस्कृति और सेवा-सत्कार देखकर उन्हें अच्छा लगा।

## बजट में युवाओं के लिए सिर्फ निराशा, भर्ती और रोजगार पर सरकार मौन : शादाब जालियावाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 27 फरवरी।** राज्य बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शादाब जालियावाला ने इसे प्रदेश के युवाओं, छात्रों एवं बेरोजगारों के लिए पूर्णतः दिशाहीन और निराशाजनक बताया है। युवाओं के साथ अन्याय- शादाब जालियावाला ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए किसी भी नई योजना की घोषणा नहीं की गई है। प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा नई भर्ती की आस लगाए बैठे थे, किंतु नए पदों पर भर्ती, शिक्षक भर्ती तथा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती को लेकर सरकार ने कोई स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं किया। यह युवाओं के साथ सीधा अन्याय और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जमीनी कर्मचारियों की अनदेखी रसोइया संघ पिछले कई महीनों से वेतन वृद्धि की जायज मांग कर रहा है, लेकिन बजट में उनके लिए किसी भी प्रकार की राहत या सम्मानजनक निर्णय का अभाव दिखता है। इससे स्पष्ट है कि सरकार जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन है। सिर्फ घोषणाओं की सरकार शादाब ने आगे कहा कि केवल नए कॉलेज खोलने की घोषणाएं।

कर देना पर्याप्त नहीं है। उन कॉलेजों में नवीन सेटअप के लिए आवश्यक पदों की भर्ती एवं संसाधनों की व्यवस्था का कोई ब्लूप्रिंट बजट में नहीं है। बिना स्टाफ और संसाधनों के नए कॉलेज केवल कागजी साबित होंगे। भाटापारा को इस वर्ष के बजट मे कोई विशेष नई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है, जो भाटापारा की जनता के साथ सौतेला व्यवहार है। यह बजट बेरोजगारों, छात्रों एवं आम युवाओं के सपनों को नजरअंदाज करने वाला बजट है। सरकार को चाहिए कि वह केवल भाषणों तक सीमित न रहकर युवाओं के भविष्य के प्रति गंभीरता दिखाए और जल्द ही ठोस निर्णय ले।

# गिरौदपुरी में गुरु दर्शन मेला के सफल संचालन के लिए समाज ने कलेक्टर को धन्यवाद कहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 फरवरी।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाकात कर गिरौदपुरी धाम मे 22 से 24 फ़रवरी तक आयोजित गुरु दर्शन एवं संत-समागम मेला के सफल संचालन एवं बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था एवं क्यू आर कोड जारी कर मेला की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने तथा चुस्त-दुरुस्त पुलिस व्यवस्था कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया। जिले में कलेक्टर के रूप में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था एवं सुगमतापूर्वक लोगों के समस्याओं के त्वरित निराकरण कराने के लिए भी बधाई दिए।कलेक्टर श्री सोनी ने समाज के प्रतिनिधि मंडल से कहा कि सामाजिक जागरूकता पैदा कर प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर आगामी वर्षों में और बेहतर व्यवस्था किया जाएगा इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, जिला महासचिव सुशील बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश बघेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता:सीएम साय

**रायपुर , 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री कपिल देव को बेल मेटल से बनी प्रतिकृति, पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना के विकास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना, प्रशिक्षण और अवसरों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व कप्तान कपिल देव ने छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास के इस माहौल में प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट मंच प्राप्त होगा तथा छत्तीसगढ़ सुरक्षित, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा।



## 7 करोड़ की लागत से 2 वृहद पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति शिवरतन शर्मा के प्रयासों से मिली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 27 फरवरी।** मुख्य बजट 2026-27 में विधानसभा अंतर्गत 07 करोड़ की लागत से 02 वृहद पुल निर्माण कार्य की वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हुई.. इसके अंतर्गत ग्राम मिरगी से तुरमा मार्ग 60 मीटर 03 करोड़ की राशि एवं ग्राम गुर्रा-जोगीद्वीप मेला स्थल मार्ग 70 मीटर 04 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई हैं.. उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र वासियो की तरफ से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि स्थानीय नागरिक लंबे समय से यहां उच्च स्तरीय पुल के निर्माण की मांग कर रहे थे। वर्तमान में रपटा पुल होने के कारण लोगों को ऊंचाई की ओर से होकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। शिवरतन शर्मा ने बताया की इन पुलों के निर्माण से क्षेत्र वासियों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। यह परियोजना ग्रामीण इलाकों में आवागमन को न केवल आसान बनाएगी, बल्कि वर्षा ऋतु में संपर्क मार्गों के बाधित न होने की सुनिश्चितता भी प्रदान करेगी। शिवरतन शर्मा ने कहा की इन पुलों के निर्माण से ग्रामीणों का दैनिक आवागमन, स्थानीय व्यापार, शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार संभव होगा। शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया है कि वे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे और आने वाले समय में और भी विकास कार्य करवाएंगे। इस स्वीकृति पर क्षेत्र के रहवासियों, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने शिवरतन शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 27 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना पलारी में दिनांक 25.02.2026 को एक महिला द्वारा लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि,दिनांक 24.02.2026 की रात्रि में अपने पति से झगड़ा होने पर पारिवारिक विवाद के कारण नाराज़ होकर घर से निकलकर ग्राम पारसाभदेर छोड़ने हेतु सहायता मांगने पर ग्राम लकड़िया निवासी रविन्द्र भारद्वाज (उम्र 53 वर्ष) द्वारा मदद का आश्वासन दिया गया। आरोपी रविन्द्र भारद्वाज ने रास्ते में सुनसान स्थान का फायदा उठाकर जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया तथा घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 83/2026 धारा 64(2), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता एवं आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रविन्द्र भारद्वाज को विधिवत गिरफ्तार किया गया।आरोपी को दिनांक 25.02.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

सोनबरसा में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष-2026 के लिए शाखाकर्तन कार्यशाला में

# वैज्ञानिक पद्धति से शाखाकर्तन, संग्रहण एवं गोदामीकरण की दी गई विस्तृत जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 27 फरवरी।** सोनबरसा वन विहार केंद्र, बलौदाबाजार में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 हेतु शाखाकर्तन, संग्रहण एवं भंडारण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तेन्दूपत्ता संग्रहण की गुणवत्ता में सुधार, निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप कार्यों का सुचारू संचालन तथा संग्रहण से लेकर परिवहन एवं गोदामीकरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यशाला में शाखाकर्तन की वैज्ञानिक विधि, उसके दीर्घकालिक लाभ, गुणवत्ता नियंत्रण के मानक तथा गड्डी बंधाई की निर्धारित प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धति से शाखाकर्तन करने पर लगभग 40 - 50 दिनों के भीतर बेहतर गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होते हैं, जिससे संग्रहण लक्ष्य की पूर्ति के साथ-साथ ग्रामीण हितग्राहियों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित होती है।इसके अतिरिक्त फड़ स्तर पर संग्रहण, पत्तों का उपचार, बोरा भराई, सिलाई, परिवहन पास की प्रक्रिया तथा गोदामीकरण की समुचित व्यवस्था के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान फड़ मुंशी एवं फड़ अभिरक्षक की भूमिका, प्राथमिक वन उपज सहकारी समिति प्रबंधक के दायित्व, भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के पालन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि संग्रहण, भंडारण एवं परिवहन की प्रत्येक प्रक्रिया नियमानुसार एवं समुचित अभिलेखीय संधारण के साथ पूर्ण करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा कि तेन्दूपत्ता संग्रहण केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने निर्देशित किया कि शाखाकर्तन एवं संग्रहण कार्य गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाए ताकि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ हितग्राहियों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर समन्वय एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया जिससे वर्ष 2026 का तेन्दूपत्ता संग्रहण सत्र सफल रूप से संपन्न हो सके। कार्यशाला में लघु वनोपज अध्यक्ष बलदेव सिंह मैत्री, अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार, उप वनमंडलाधिकारी कसडोल अनील वर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार प्रखर नायक, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सुश्री सिमरन साहू, सुश्री कविता ठाकुर, अनिरुद्ध कश्यप, राहुल उपाध्याय तथा फड़ मुंशी लोकेश देवदास, नेमीचंद कानूजे, राजकुमार ध्रुव एवं कौशल प्रसाद साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रंप की बातों पर यकीन करने वाले अब चुप क्यों है...

राजनीति करने वालों को सच या झूठ से कोई मतलब नही होता है। जिससे उनको लगता है कि राजनीतिक फायदा हो सकता है, वह उस पर आंख मूंदकर यकीन कर लेते हैं मान लेते हैं कि इससे बड़ा सच कहने वाला कोई नहीं है और इससे बड़ा सच कोई नहीं हो सकता। भले ही कहने वाले अपने फायदे के लिए झूठ कह रहा हो। माना जाता हो कि यह आए दिन झूठ बोलता है, लेकिन उसके झूठ से यदि राजनीति करने वालों को फायदा होता है तो किसी नेता को कुछ कहने का मौका मिलता है तो वह उस झूठ को लपकने में देरी नहीं करते है।ट्रंप ने कहा कि आपरेशन सिंदूर मैंने रुकवाया तो भारत में राहुल गांधी सहित कांग्रेस को लगा कि यह मौका है पीएम मोदी को कमजोर नेता बताने का तो उन्होंने खूब प्रचार किया कि ट्रंप के सामने पीएम मोदी ने सरेंडर कर दिया। राहुल गांधी कई दिनों तक यह जुमला जगह जगह कहते रहे कि नरेंदर सरेंडर। पीएम मोदी डरपोक पीएम है, पीएम मोदी कमजोर पीएम हैं। ट्रंप ने उनको फोन करके कहा कि नरेंदर सरेंडर और पीएम मोदी ने आपरेशन सिंदूर बंद कर ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया। पीएम मोदी ने भले ही ट्रंप की बातों का कोई जवाब नहीं दिया लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ,विदेश विभाग व सेना की तरफ से कई बार कहा गया कि ट्रंप झूठ कह रहे हैं। आपरेशन सिंदूर ट्रंप के कहने पर बंद नहीं किया गया है, पाक सेना के अधिकारी के आग्रह पर आपरेशन सिंदूर रोका गया है,उसे खत्म नहीं किया गया है लेकिन राहुल गांधी व कांग्रेस ने रक्षामंत्री,विदेश विभाग व सेनाके अधिकारियों की बात पर यकीन नहीं किया और देश में इस झूठ का प्रचार करते रहे कि पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया है। ट्रंप अगर हमेशा सच कहते हैं और राहुल गांधी सहित कांग्रेस उस पर यकीन करती है तो उनको ट्रंप की हर बात पर यकीन करना चाहिए। अब ट्रंप ने संसद में दिए अपने स्टेट आफ यूनियन के संबोधन में अब तक का सबसे बड़ा दावा किया है और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेता चुप है, सवाल उठता है कि क्यों चुप है, ट्रंप ने ऐसा क्या कह दिया है कि राहुल गांधी व कांग्रेस नेता को सदमा लग गया है कि ट्रंप ने यह क्या कह दिया है।ट्रंप ने संसद में कहा है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने हस्तक्षेप कर द.एशिया को परमाणु युध्द से बचाया है। अगर वह हस्तक्षेप नहीं करते तो पाकिस्तान के तीन करोड़ लोग मारे जाते।इस बार ट्रंप ने नया यह कह दिया कि उनके सामने पाक पीएम शहबाज शरीफ ने स्वीकार किया था कि अमरीका ने दखल नहीं दिया होता तो वह भी मारे जा सकते थे और भारी जनहानि हो सकती थी। अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप कभी भी कुछ भी कह सकते हैं, बड़े से बड़ा झूठ भी कह सकते हैं क्योंकि वह सोचते हैं कि वह कुछ भी कह देंगे तो छोटे देश के पीएम उनकी बात को झूठ नहीं सकते लेकिन भारत ने ट्रंप को कई बार बयान देकर बता दिया था कि वह झूठ कह रहे हैं लेकिन पाक पीएम की तरफ से अब तक यह नहीं कहा गया है कि ट्रंप ने जो कुछ पाक पीएम व पाक जनता के बारे में कहा है वह झूठ है।ट्रंप ने जो कुछ कहा है उससे से साफ होता है कि आपरेशन सिंदूर से पाक पीएम डरे हुए थे और वह सैन्य कार्रवाई रुकवाना चाहते थे और ऐसा करने का अनुरोध उन्होंने ट्रंप से किया था। इससे तो यह साबित होता है कि पीएम मोदी ने जो कुछ किया बड़ी मजबूती से किया था और यह भी कहा था कि पाकिस्तान ने अगर भविष्य में आतंकवादी कार्रवाई तो आपरेशन सिंदूर फिर से किया जाएगा।

स्टेट आफ यूनियन में ट्रंप ने १०७ मिनट भाषण दिया। वहीं के विपक्षी खेमे व फैक्ट चेकर्स ने बताया कि उन्होंने अपने भाषण में २० झूठ बोले यानी हर पांच मिनट ने एक झूठ बोला। इससे तो यही पता चलता कि ट्रंप झूठ बोलते हैं, हर पांच मिनट में एक झूठ बोलते हैं।झूठ बोलना उनकी आदत है,वह झूठ अपने आपको को शांति का मसीहा, विश्व शांति का रक्षक बताने के लिए कहते रहते हैं। उनकी बातों पर राहुल गांधी जैसे लोग और कांग्रेस जैसी झूठ की राजनीति करने वाली पार्टी यकीन करती हैं और झूठे साबित होते रहते है। ट्रंप ने कहा कि इंडिया की इकानामी डेड है, राहुल गांधी ने भी कहा और ट्रंप की तरह झूठे साबित हुए।अब नरेंदर सरेंडर मामले में भी राहुल गांधी झूठे साबित हुए हैं क्योंकि आपरेशन सिंदूर का आदेश एक मजबूत पीएम ही दे सकता था और उससे पाक को बहुत नुकसान हुआ है और बहुत नुकसान हो सकता था।

### ज्ञान-विज्ञान

# विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी, विकास का सशक्त सूत्र

**सुनील कुमार महला**

28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस वैज्ञानिक सोच, नवाचार (इनोवेशन) और सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) में विज्ञान की भूमिका को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह दिन देश में वैज्ञानिक संस्कृति को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच है। विज्ञान मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाता है। यह अंधविश्वास और रूढ़ियों को दूर कर तर्क, सत्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त करता है।



आज स्वास्थ्य, संचार, परिवहन और कृषि जैसे क्षेत्रों में विज्ञान ने क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। नई-नई तकनीकों के विकास से समय और श्रम की बचत हुई है तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार आया है। प्राकृतिक घटनाओं के रहस्यों को समझने में भी विज्ञान हमारी सहायता करता है। निस्संदेह, विज्ञान देश की प्रगति और आर्थिक विकास का आधार है। शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से यह नवाचार को निरंतर गति प्रदान करता है। वास्तव में विज्ञान मानव सभ्यता के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ नींव है।

बिजली, इंटरनेट, मोबाइल फोन और आधुनिक परिवहन साधन-ये सभी विज्ञान की ही देन हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विज्ञान के कारण अभूतपूर्व प्रगति हुई है और अनेक गंभीर रोगों का उपचार संभव हो पाया है। कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति, उन्नत बीज, उर्वरक, आधुनिक सिंचाई तकनीक और कृषि मशीनरी ने उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इंटरनेट, उपग्रह, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने सूचना को सुलभ बना दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन कक्षाएँ और डिजिटल पुस्तकालय ज्ञान के प्रसार को सरल बना रहे हैं। स्पष्ट है कि संचार और सूचना क्रांति विज्ञान के कारण ही संभव हो सकी है।आज अंतरिक्ष अनुसंधान और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। विज्ञान ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल संरक्षण जैसी तकनीकों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के उपाय भी सुझाए हैं और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सच तो यह है कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार बन चुका है। हालांकि, विज्ञान का दुरुपयोग विनाशकारी सिद्ध हो सकता है, इसलिए आवश्यक है कि हम वैज्ञानिक सोच अपनाएँ और विज्ञान का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए करें। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देने का अवसर भी है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि विज्ञान मानव जीवन को बेहतर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि यह दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। गौरतलब है कि वे विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम एशियाई वैज्ञानिक थे। वर्ष 1929 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'नाइट' की उपाधि से सम्मानित किया था। बाद में वर्ष 1954 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से भी अलंकृत किया गया। सी. वी. रमन का जन्म 7 नवंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। उन्होंने मद्रास के प्रेसिडेंसी कॉलेज से भौतिकी में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने प्रकाशिकी, प्रकाश प्रकीर्णन, एक्स-रे, ध्वनिकी और समुद्री रंग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण शोध किया, जिसके परिणामस्वरूप 'रमन प्रभाव' की खोज संभव हुई। उन्होंने 1926 में इंडियन जर्नल ऑफ फिजिक्स, 1934 में इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज तथा 1948 में रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना की। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर रमन प्रभाव है क्या ? तो पाठकों को इस संदर्भ में जानकारी देता चलूं कि रमन प्रभाव उस भौतिक घटना को कहते हैं, जिसमें एकरंगी प्रकाश जब किसी पारदर्शी पदार्थ (जैसे जल या काँच) से होकर गुजरता है, तो उसका एक छोटा-सा भाग अपनी तरंगदैर्ध्य में परिवर्तन कर लेता है। यह परिवर्तन पदार्थ के अणुओं के साथ प्रकाश की पारस्परिक क्रिया के कारण होता है। इस प्रक्रिया को 'रमन प्रकीर्णन' भी कहा जाता है। सरल शब्दों में, जब प्रकाश की किरणें किसी पदार्थ से टकराकर अपनी ऊर्जा में थोड़ा परिवर्तन कर लेती हैं, तो उसी घटना को रमन प्रभाव कहा जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुरुआत राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद की पहल पर हुई। वर्ष 1986 में परिषद ने भारत सरकार को प्रस्ताव दिया कि 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाए। सरकार ने प्रस्ताव स्वीकार किया और 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया। पहली बार यह दिवस वर्ष 1987 में मनाया गया। इस दिन देशभर में विज्ञान प्रदर्शनियाँ, सेमिनार, कार्यशालाएँ, क्विज़ प्रतियोगिताएँ और जागरूकता कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं। इसका उद्देश्य विज्ञान को आम जनजीवन से जोड़ना, युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही, यह विभिन्न वैज्ञानिक उपलब्धियों और शोध कार्यों को सम्मानित करने का भी अवसर प्रदान करता है। प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एक विशेष थीम पर आधारित होता है। वर्ष 2025 की थीम थी- 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना ।' वास्तव में, यह थीम युवाओं को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के लक्ष्य पर केंद्रित थी। इस वर्ष 2026 की थीम है- 'विज्ञान में महिलाएँः विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति।' यह थीम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, योगदान और नेतृत्व को उजागर करने तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। अंततः कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें सी. वी. रमन की ऐतिहासिक खोज 'रमन प्रभाव' की याद दिलाता है। यह दिन केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि का स्मरण नहीं, बल्कि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता और नवाचार की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है। आज जब भारत तकनीक, अंतरिक्ष, चिकित्सा और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है, तब विज्ञान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह दिवस विद्यार्थियों और युवाओं को जिज्ञासा, प्रयोग और अनुसंधान के माध्यम से नए आयाम स्थापित करने की प्रेरणा देता है। निष्कर्षतः राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें यह संदेश देता है कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही राष्ट्र की प्रगति, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य का सशक्त आधार है।

## राशिफल

मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बनी हुयी है। परिवार के लोगों में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते हैं। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा।

वृष राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जायेगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिला सकता है।

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए बदलाव लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आज आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी होगी।

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके लिए लाभ के योग हैं। आज आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखें, रिश्ता मजबूत बना रहेगा। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने दूसरे शहर जा सकते हैं।

सिंह राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं, तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को कहीं घूमाने ले जायेंगे। आज आप किसी पुरानी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।

कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। आज आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा।

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन पाजिटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा।

धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। आज आपके परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के अवसर खुलेंगे।

मकर राशि वालों आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे।

कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कार्यों से आज आपको फायदा होगा। आज समाज में आपको मान सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे।

मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा। आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा, उत्साह के साथ कार्यों को करेंगे तो अवश्य पूरा होगा।

## सू- दोकू क्र. 329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 328 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य - 329

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 328 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

### राजनीति

# शर्मनाक है मोदी विरोध में कपड़े उतार प्रदर्शन

**डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया**

कोई शक नहीं कि सरकार का विरोध करना विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है लेकिन विपक्ष स्वच्छंद होकर इस अधिकार का उपयोग नहीं कर सकता। सरकार की जन विरोधी नीतियों और कार्यक्रमों का विरोध करना पूर्णता जायज इसलिए है कि सरकार यदि कोई गलत काम करे तो उसे रोका जाए लेकिन जब देश के स्वाभिमान और सम्मान का प्रश्न हो तो विपक्ष को सरकार का साथ देकर उदारता का परिचय देना चाहिए लेकिन पिछले लगभग एक दशक से विपक्ष की भूमिका कटुता, वैमनस्यता और अराजकता की सीमा को लांघकर देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नीचा दिखाने में संलग्न दिखाई दे रही है। देश का विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सत्ताधारी पार्टी और उसके प्रमुख प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। जहां एक ओर राहुल विदेश में जाकर एंटी इंडिया कैंपेन चलाते हैं वहीं देश में रहकर सत्ताधारी दल भाजपा, आरएसएस और मोदी को कोसने में स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। यह स्थिति उन्हें और कांग्रेस को सिवाय नुकसान के कोई फायदा नहीं पहुंचा रही। आश्चर्य तो यह है कि चुनाव दर चुनाव असफलता के बावजूद विपक्ष इस बात की समीक्षा नहीं कर पाया कि उसके असफलता का सबसे बड़ा कारण सरकार के हर कदम का विरोध करना भी है जिसके अंतर्गत वह आंखों पर पट्टी बांधकर दिशाहीन विरोध की राजनीति कर रहा है। शुक्रवार का दिन भारत मंडपम में युवक कांग्रेस का ए आई इंपैक्ट समिट स्थल पर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का सरकार के विरोध में अर्धनग्न प्रदर्शन जीता जागता उदाहरण है। वर्तमान जगत की एक बड़ी उपलब्धि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंपैक्ट की समिट देश के लिए गौरव की बात है। जिसमें दुनिया भर के लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि, 20 देशों के राष्ट्र प्रमुख और दुनिया भर की बड़ी कंपनियों के सीईओ शामिल हुए। इतना बड़ा आयोजन देश का आयोजन था न कि भाजपा या किसी व्यक्ति विशेष का। कितनी विडंबना है कि इस आयोजन को विपक्ष पचा नहीं पाया। यूं तो देश का विपक्ष मोदी के सरकार में आने के बाद से हर तरह लगातार विरोध करता रहा है लेकिन इस आयोजन का इतने शर्मनाक तरीके से विरोध करेगा इसकी तो सपने में भी कल्पना नहीं थी। निश्चित ही सरकार का विरोध, मोदी का विरोध और देश का विरोध करके विपक्ष ने खास तौर से कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि उसे देश का सम्मान देश के गौरव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि से कोई मतलब नहीं है उसे तो मतलब है मोदी का विरोध करते हुए अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का। वैसे कांग्रेस पिछले 2 सालों से जैसा आचरण कर रही है वह उसकी साख को गिरा ही रहा है। एआई समिट दुनिया भर में भारत की अगुवाई और भारत में इस नई तकनीक के प्रति गहन सकारात्मक रूख तथा इसका दुनिया भर के देशों को होने वाले लाभों से जोड़ने का प्रयास है। यह अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत जैसा देश जिसे 2014 के पहले कमजोर फिसड्डी और नॉन सीरियस तथा आर्थिक विपन्नता के लिए जाना जाता था आज दुनिया भर के सामने एआई जैसे आयोजन का मेजबान बनकर दुनिया की नजरों में प्रशंसा पा रहा है। यह निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के विजन का परिणाम है। कौन नहीं जानता किसी देश का प्रधान यदि ऊर्जावान हो तथा उसका नजरिया देश की प्रगति के प्रति सकारात्मक हो तो दुनिया की नजरों में उसकी और देश की साख और सम्मान दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। मोदी ने आज तक के अपने कार्यकाल में राष्ट्रप्रथम के मूल मंत्र के साथ काम किया है जिसने भारत की प्रतिष्ठा को रफ्तार दी है। लेकिन इस आयोजन की सफलता से बौखला कर कांग्रेस की युवा शाखा ने भारत मंडपम में जिस तरह का कपड़े उतार प्रदर्शन किया वह न केवल अशोभनीय था बल्कि अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने देश की साख को बट्टा लगाने वाला था। जिस आयोजन के बारे में कांग्रेस के शशि थरूर जैसे प्रशंसा कर रहे थे उस आयोजन के दौरान दूषित मानसिकता वाले कथित युवा अधनंगे होकर अपने दिमागी दिवालियेपन पर मोहर लगा रहे थे। आश्चर्य तो यह है कि इस अर्धनग्न प्रदर्शन के समर्थन में कसीदे पढ़ने में कांग्रेस के कई नेता आगे आए लेकिन उनसे अधिक विपक्ष के कई साथी ऐसे थे जिन्होंने इस प्रदर्शन को उचित नहीं माना। राजद के मनोज झा सपा के अखिलेश यादव और बसपा की बहिन मायावती ने इस प्रदर्शन को अनुचित और देश को नीचे दिखाने वाला बताया। देश के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने इस प्रदर्शन में शामिल युवाओं को बब्बर शेर कहकर स्पष्ट कर दिया कि इसके पीछे न केवल उनकी मोदी के प्रति एक दशक से चली आ रही नफरत है बल्कि उनकी कुंठा ग्रस्त मानसिकता है जो गाहे बगाहे उजागर होती रहती है। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता से लेकर सारे प्रवक्ता और कार्यकर्ता लगातार यह नरेटिव बनाने में झूठे हैं कि मोदी एक कमजोर नेता हैं लेकिन सच्चाई है यह है कि पूरा विपक्ष 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा और 2029 में लोकसभा चुनाव में अपनी आसन्न पराजय से डरा हुआ है। यही कारण है कि वह झूठा नरेटिव बनाकर जनता में अपनी पैठ बढ़ाना चाहता है लेकिन जनता बहुत समझदार है। पवन खेड़ा जिन्हें मणि शंकर अय्यर ने कठपुतली निरूपित किया है वे प्रदर्शन का यह कहकर औचित्य सिद्ध करते हैं कि अगर हम संसद में बोलते हैं तो लोकसभा में राहुल गांधी देश के लिए खतरा बन जाते हैं, सड़कों पर उतरते हैं तो राष्ट्र विरोधी कहा जाता है तो हम कहां जाएं कहां बोलें। खेड़ा ने दावा किया कि विरोध प्रदर्शन ने उन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया जिनका समाधान जरूरी है। युवक कांग्रेस के इस निर्लज्ज प्रदर्शन को कुतर्कों से सही ठहराना किसी भी दशा में उचित नहीं ठहराया जा सकता। कांग्रेस को यदि विरोध प्रदर्शन करना ही था तो दिल्ली में बहुत सारे स्थल थे लेकिन वे विदेशी मेहमानों के सामने प्रदर्शन कर मोदी और देश की छवि को धूमिल करना चाहते थे। वे भूल गए कि विदेशी मेहमानों पर इसका कोई असर हुआ या नहीं ही यह तो भगवान ही जाने लेकिन विदेशी मेहमानों की नजरों में इन युवा कांग्रेसियों के संरक्षक राहुल गांधी को दुनिया विघ्नसंतोषी नेता के रूप में जरूर जानने लगी होगी। गोस्वामी तुलसीदास ने मानस में लिखा है कि ऊंच निवास नीच करतूती, देख ना सकें पराई विभूति।

**रिटायर्ड प्रोफेसर समाजशास्त्र**
**159 मंगलमर्ति रेजिडेंसी, रतलाम मप्र**

## बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

कहावत है— "बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना", पर यहाँ तो अब्दुल्ला ने बाकायदा 'को-ऑर्ड' सेट पहना है और रील बनाने के लिए दीवाना हुआ जा रहा है। हमारे पंच महाराज, जो कल तक मोहल्ले के नुक्कड़ पर बैठकर दुनिया को 'डिप्रेशन' का सर्टिफिकेट बाँटते थे, आज न जाने कौन सा 'फोमो' जाग उठा कि अपना पुराना डार्क सर्कल वाला चेहरा चमकाकर मेले में निकल पड़े। मेला क्या था, बस 'दिखावे का एक कबाड़खाना' था, जहाँ हर कोई अपनी गरीबी को फिल्टर के पीछे छिपाकर खुद को 'मेन कैरेक्टर' समझ रहा था। एक तरफ देखिए— "हटो-बचो-साइड दो", हुड़दंग मचाती एक टोली आ रही है। ये हैं हमारे 'इन्फ्लुएंसर' महाराज। बदन पर कपड़े इतने कम कि रफ़ू कराने को मांस भी न मिले, और गालों पर 'हाइलाइटर' ऐसा कि सूरज भी शर्म से बादलों में मुँह छिपा ले। हाथ में जिम्बल पकड़े ऐसे मटक रहे हैं जैसे इंद्र की सभा में अप्सराओं का डेटा पैक खत्म हो गया हो और सारा दारोमदार इन्हीं की कमर पर हो। "ओ भाई! ज़रा एंगल देख के,"—कोचवान तो अब रहा नहीं, अब तो ओला-उबर के ड्राइवर को डाँट रहे हैं, "ब्लॉग खराब हो गया तो रेंट नहीं मिलेगा।" ये राय दुर्लभचन्द के पोते नहीं, बल्कि 'क्रिएटर इकोनॉमी' के नए दामाद हैं। मुँह कुकरै काटा नहीं, बल्कि 'बोटॉक्स' ने ऐसा सिकोड़ा है कि विधाता भी पहचान पत्र माँगे तो ये अपनी 'ब्लू टिक' वाली प्रोफाइल दिखा दें। ब्रह्मा जी भी सोच रहे होंगे कि इसे बनाते वक्त उन्होंने 'लुक एंड लाफ' वाला ऐप डाउनलोड कर लिया था या बस कीबोर्ड पर कोहनी लग गई थी। तभी बगल से एक और नमूना गुज़रा— 'रियासत की गठरी' तो दादाजी बेच खाए, अब ये 'नेपो-बेबी' अपनी 'एंग्जायटी' का बोझ ढो रहे हैं। चेहरा पीला, जैसे हल्दी के ड्रम में डुबकी लगाकर आए हों, पर एटीट्यूड ऐसा कि जैसे पूरी दुनिया इनके 'पिंपल्स' की ऋणी हो। नशे और रात भर की 'गेमिंग' ने आँखों के नीचे वो खाइयां खोद दी हैं कि उनमें पूरा मोहल्ला डूब मरे। साथ में एक और कुन्दे-नातराश हैं— इनके पूर्वजों ने कभी किताब को हाथ लगाया होता तो शायद आज ये 'सिग्मा मेल' बनने के चक्कर में अल्फाबेट न भूल जाते। ये कहते हैं, "पढ़ाई-लिखाई तो स्कैम है भाई, सारा ज्ञान तो पॉडकास्ट में है।" इनके लिए 'बीफ' और 'व्हिस्की' ही मॉर्डन होने का लाइसेंस है। घर में भले ही चूल्हा 'ईएमआई' पर जल रहा हो, पर बाहर ये 'मिस्टर जान बुल' बनकर ऐसी अंग्रेज़ी झाड़ते हैं कि शेक्सपियर भी अपनी कब्र में 'डिक्शनरी' ढूंढने लगे। तभी भीड़ में एक 'मुछंदर' दिखाई दिया। बालों में तेल इतना कि अगर कोई माचिस दिखा दे तो पूरा मेला 'दिवाली' बन जाए। जेब में धेला नहीं, पर हाथ में 'आईफोन' का वो लेटेस्ट मॉडल है जिसकी किश्तें इनके पोते चुकाएंगे। खिलौने वाले से पूछते हैं, "भाई, इसमें आरजीबी लाइट है क्या?" जब उसने दाम बताया तो 'पाकेट खाली' की वही पुरानी बीमारी उभर आई। बेचारे की पोल क्या खोलनी, ये तो 'सेल्फ-डिक्लेयर्ड' नवाब हैं, जिनका वज़ीर भी अब इन्हें उधार नहीं देता। और वो देखो! रंग-बिरंगी 'फिल्टर्ड' सेना। कहीं नियॉन पिंक, कहीं इलेक्ट्रिक ब्लू—ये हमारी 'क्वीन' और 'दिवा' लोग हैं। हुस्न ऐसा कि मेकअप की परत उतार दो तो असली चेहरा 'मिसिंग' रिपोर्ट लिखवाने लायक निकले। ये वो प्रेम के पंछी हैं जो दिल नहीं, 'क्रेडिट कार्ड' देखकर फंदे में फंसते हैं। और इनके पीछे पीछे वो 'सिम्प' (Simp) महाशय, जो अपनी मर्दानगी को इनके हैंडबैग के नीचे दबाकर चल रहे हैं। ये वही हैं जो किसी ज़माने में मटियाबुर्ज के नवाब रहे होंगे, पर अब बस इंस्टाग्राम की स्टोरी में 'कैप्शन' बनकर रह गए हैं।अंत में हमारे पंडित जी और सेठ जी भी 'डिजिटल जय गोपाल' करते हुए दिख गए। कोई 'तिलिस्म' है, कोई 'फेनोमेना' है, तो कोई बस 'एआई जनरेटेड' सा लग रहा है। जवानी के तूफ़ान में ऐसे अंधे हुए हैं कि 'लॉजिक' और 'लाज' दोनों को ब्लॉक मार दिया है। पंच महाराज ने जब देखा कि यहाँ हर कोई अपनी बेवकूफी को 'कंटेंट' कह रहा है, तो उनका बचा-कुचा उदासीन मन भी उब गया। उन्होंने माथा पीटा और मन ही मन संकल्प किया कि "भाई, इससे अच्छा तो अपना कोना और अपनी तन्हाई भली।" घर लौटते हुए बस यही गुनगुना रहे थे कि दुनिया में कुढंगों की कमी नहीं, बस उन्हें एक मेले और एक अच्छे 'कैमरे' की तलाश है।

## एक नजर

### लेह सिंधु दर्शन यात्रा के लिए मनीष मूलचंदानी बस्तर प्रभारी व हरेश नागवानी सहप्रभारी नियुक्त




**जगदलपुर 27 फरवरी।** भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ से सिंधु दर्शन यात्रा लेह 2026 के लिए मनीष मूलचंदानी बस्तर संभाग के प्रभारी एवं हरेश नागवानी सहप्रभारी नियुक्त किए गए. श्रीमती विनीता भावनानी जी भारतीय सिंधु सभा राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्री लधाराम नैनवानी के सहमति व अनुशंसा से नियुक्ति की गई, नवनियुक्त पदाधिकारी अपने क्षेत्र के यात्रियों को नियमानुसार पंजीयन कराकर छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय प्रभारी को सूचना देंगे, छत्तीसगढ़ सिंधु सभा के वरिष्ठ पदाधिकारीयों सहित मुरलीधर शादीजा सिंधु दर्शन के प्रभारी ने बताया इस 30वी यात्रा सिंधु दर्शन यात्रा 2026 में लेह लद्दाख की अद्भुत वादियों में आध्यत्मिक शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक वैभव का अनुभव मिलेगा साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारी मनीष मूलचंदानी एवं हरेश नागवानी को शुभकामनायें भी दी।

### कृषक उन्नति योजना : जिले के 92493 किसानों के खाते में आएंगे 372 करोड़ 67 लाख रुपए

**कांकेर 27 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले जिले के किसानों के खातों में अंतर की राशि को अंतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शनिवार 28 फरवरी को बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी के खेल मैदान में आयोजित समारोह में दोपहर 12 बजे प्रदेश भर के किसानों के खातों में योजनांतर्गत राशि अंतरित करेंगे। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले जिले के 92 हजार 493 किसानों के बैंक खातों में कुल 372 करोड़ 67 लाख 20 हजार रूपए की राशि अंतरित की जाएगी। इन किसानों के द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में 50 लाख 98 हजार 696 क्विंटल धान बेचा गया है, जिनकी अंतर राशि 70 बैंक शाखाओं में शनिवार 28 फरवरी को अंतरित की जाएगी।

### मोतियाबिंद के चिन्हांकित वृद्ध मरीजों को ऑपरेशन के लिए एम्स रायपुर भेजा जाएगा

**कांकेर, 27 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कांकेर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चिन्हांकित जनो को प्रथम चरण में 27 फरवरी शुक्रवार को रायपुर एम्स हेतु रवाना किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अटल अभ्युदय योजना अंतर्गत वृद्धजनों मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन एम्स रायपुर में किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इसके लिए 50 वृद्धजनों के निःशुल्क ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**जगदलपुर,27 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न निर्माण विभागों के प्रगतिरत विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ईएंडएम, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग तथा हाउसिंग बोर्ड द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने विभागवार प्रोजेक्ट्स की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय बजट से स्वीकृत या अन्य मदों से स्वीकृत विकास कार्यों का निविदा प्रक्रिया को समय पर पूरा कर निर्माण कार्य को प्रगति देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विकास के निर्माण कार्य पूरा होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लोकार्पण करवाने की बात कही।

# भांसी के मनोकामेश्वर महादेव मंदिर में स्थापना दिवस पर बजरंगबली प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 27 फरवरी।** ग्राम भांसी मुख्य सड़क पर स्थित भगवान भोलेनाथ मनोकामेश्वर महादेव मंदिर में दिनांक 24 फरवरी 2026, मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर पिछले वर्ष भगवान भोलेनाथ के मंदिर की जीर्णोद्धार के प्रथम स्थापना दिवस के साथ-साथ नवनिर्मित मंदिर में बजरंगबली (हनुमान जी) की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न हुई।

मंदिर प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम भांसी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे संपूर्ण परिसर भक्ति-भाव से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ भगवान भोलेनाथ के स्थापना दिवस एवं बजरंगबली जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत रूप से कराई गई। जिससे ग्राम भांसी के वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

इस अवसर पर बचेली से आई भागवत भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन एवं भक्तो द्वारा जयघोष किया गया, जिससे मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे आयोजन में भावपूर्वक सहभागिता निभाई। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया।

शिव मंदिर समिति भांसी की ओर से इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बचेली, किरंदुल, दंतेवाड़ा एवं भांसी सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य



उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं सेवा-भाव से जुड़े कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



### बिना स्वीकृति के नगर पालिका में हो रहा काम, कहां से होगा भुगतान?

# नपा मार्केट काम्पलेक्स के उखाड़े गए 10 शटर कहां गए? सीएमओ को भी जानकारी नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 27 फरवरी।** नगर पालिका दंतेवाड़ा में भर्राशाही की एक परत खोलो तो कई और परतें खुलकर सामने आ जाती है। बस स्टेंड के समीप नगर पालिका द्वारा दशकों पूर्व मार्केट डेवलेपमेंट के नाम से बनाए गए काम्पलेक्स जिसमें 10 दुकानें बनी थी उसे पुनः तोड़फोड़कर सब्जी विक्रेताओं के लिए निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यह काम किस मद से हो रहा है इसकी जानकारी नपा परिषद में किसी को नहीं है? सीएमओ से लेकर पालिका के तकनीकी शाखा प्रभारी, इंजीनियर व राजस्व निरीक्षक से भी पुछा गया तो सबका एक ही जवाब आया कि हमें मालुम नहीं कौन करवा रहा है। वार्ड पार्षद इंद्रा ठाकुर ने कहा कि काम्पलेक्स में तोड़फोड़कर कौन काम करवा रहा है किसकी अनुमति और किस फंड से यह सारा काम हो रहा है इसकी कोई जानकारी उन्हें नहीं है। है ना नगर पालिका दंतेवाड़ा का अजीबो गरीब मामला। नपा की ऐसी लचर भ्रष्ट स्थिति शायद ही नगरवासी आज से पूर्व किसी और कार्यकाल में देखें होंगे जो आज के ट्रिपल इंजन की सरकार में देखने को मिल रहा है।

कहावत है ना कि अति सर्वत्र वर्जयेत् अर्थात किसी को भी आवश्यकता से ज्यादा अगर कुछ मिल जाए तो वो बौरा जाता है यही स्थिति आज नपा परिषद दंतेवाड़ा की हो गई है। केंद्र, राज्य के बाद नगर पालिका में भाजपा की सरकार बन जाने से कुर्सी में बैठे जनप्रतिनिधियों को ऐसा लगने लगा है मानो जैसे वे सर्वशक्तिमान हो गए हैं और वे जो चाहें वो कर सकते हैं।



गौरतलब है कि कि 4 माह पूर्व बस स्टेंड में स्थित पुराने नगर पंचायत कार्यालय बिल्डिंग के ठीक पीछे पालिका द्वारा दशकों पूर्व बनाए गए काम्पलेक्स की 10 दुकानों को सब्जी विक्रेताओं के बैठने के लिए व्यवस्थित कराने के उद्देश्य से काम शुरू करवाया गया था। दुकानों में लगे 10 शटर समेत लोहे की ग्रिल को उखड़वा दिया गया था। यह काम किस मद से किया गया ? किसके द्वारा यह काम करवाया जा रहा है? सवाल पुछने पर पालिका के सीएमओ ठीक ठाक जवाब नहीं पाए। बताते चलें कि इस काम्पलेक्स में कुल 10 दुकानें पूर्व से निर्मित थी जिसमें शटर भी लगा हुआ था दो छोर में लोहे के ग्रिल लगे थे। पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा इन दुकानों की मरम्मत का काम किसी निजि व्यक्ति को मौखिक तौर पर ठेका पर दिया गया था। दुकानों से उखाड़कर इनके शटर को निकाला गया जिसके बाद फलोरिंग का भी कुछ काम आगे हिस्से की ओर करवाया गया है। दुकानों से उखाड़कर निकाले गए शटर कहां है पुछने पर न तो पालिका के सीएमओ श्री पालदास कोई जवाब दे पाए ना ही पालिका की तकनीकी शाखा प्रभारी श्री श्याम ही इस विषय में कुछ बता पा रहे हैं। पालिका की राजस्व विभाग भी हाथ खड़े कर दिए और कहा कि हमें इस काम की कोई जानकारी नहीं है। ना ही हमें तोड़ने का आदेश दिया गया न ही निकाले गए शटर को सहेजकर रखने के लिए ही कुछ कहा या। अजीब सी स्थिति हो गई है पालिका परिषद की। अब बड़ा सवाल यह कि आखिर पालिका के 10 दुकानों से निकाले गए शटर एवं लोहे की ग्रिल जिनकी कीमत आज लाखों में होगी वा गए तो कहां गए। आसमान खा गए या जमीन निगल गई इन शटरों को। नगर पालिका कार्यालय एवं पालिका की कालोनी में भी जाकर मौका मुआएना किया गया तो कहीं भी उखाड़े गए पुराने शटर एवं ग्रिल इत्यादि रखे हुए नजर नहीं आए जबकि नियमतः पालिका की संपत्ति को पालिका के आधिपत्य में ही रखा जाना चाहिए। क्या शटर की चोरी हो गई है? अथवा शटर को किसी अन्य को बेच दिया गया है? या फिर शटर उखाड़ने वाले ठेकेदार को लेबर भुगतान न कर पाने की स्थिति में शटर उसके हवाले कर दिया गया है? यह ज्वलंत प्रश्न है जिसका जवाब पालिका नहीं दे पा रही है। अगर शटर की चोरी हुई है तो पालिका ने इसकी लिखित शिकायत अब तक कोतवाली में क्यों नहीं की? इन सवालों का जवाब तो लचर भ्रष्ट पालिका को देना ही होगा। सूत्रों के मुताबिक नगर पालिका दंतेवाड़ा में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चला रहा। नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा की मनमानीपूर्ण क्रियाकलापों से हर कोई त्रस्त है। पालिका सीएमओ पर दबाव बनवाकर उनके बिना इजाजत, अनुमोदन एवं अनुशंसा के कुछ भी काम मनमाने तरीके से किया जा रहा है जिसको लकर पालिका सीएमओ श्री पालदास अध्यक्ष उपाध्यक्ष से खासे परेशान हैं।

## न्यौता भोज का किया गया आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 फरवरी।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला देऊरगांव, विकासखंड - तोकापाल, जिला-बस्तर में 25 फरवरी को केंद्रीय संयुक्त सचिव श्री शोभित जैन जी, नीति आयोग से नूपुर मैडम जी,जिलाधीश श्री आकाश छिकारा जी, जिला पंचायत CEO श्री प्रतीक जैन जी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम बघेल जी, DMC सर श्री अशोक पांडे जी, APC श्री राकेश खापर्डे जी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती पूनम सलाम जी, खंड स्त्रोत समन्वयक श्री अजय शर्मा जी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री तरुण ठाकुर, जिला एवं विकासखंड से समस्त उच्च अधिकारी गुणों का आगमन हुआ। शाला में पधारे समस्त आदरणीय उच्च अधिकारी गणों को ग्राम पंचायत देऊरगांव के समस्त जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों, ग्रामीण जनों एवं शाला में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों की गरिमामय उपस्थित पर शाला के प्रधान अध्यापक श्री अब्दुल मतीन कुरैशी जी के सौजन्य से उनके सुपुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर न्यौता भोजन कराया गया।

शाला में पधारे समस्त उच्च अधिकारी गणों के द्वारा शाला में अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ बैठक न्यौताभोजन किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक कक्षा - कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी शैक्षिक गुणवत्ता को भी परखा गया। शाला में पधारे समस्त आदरणीय उच्च अधिकारी गणों के द्वारा कक्षा चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों से 29,32, एवं 34 का पहाड़ा सुनकर एवं विद्यार्थियों के द्वारा वाद्य यंत्र में राष्ट्रगान की धुन बजाकर सुनाया गया। बच्चों की इन प्रतिभाओं को देखकर अतिथि गण अत्यधिक प्रभावित होकर विद्यार्थियों की खूब प्रशंसा कर उज्जवल भविष्य कामना की गई।

विशेष कर जिलाधीश बस्तर आदरणीय श्री आकाश छिकारा जी के द्वारा शाला की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, संपूर्ण शाला परिसर के सौंदर्यीकरण, पीएम श्री की थीम ग्रीन स्कूल ÷हरित विद्यालय÷ के रूप में की गई सौंदर्यीकरण, बच्चों के लिए उपलब्ध खेल खिलौने, झूले इत्यादि की व्यवस्था को देखकर एवं संपूर्ण शाला परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रधान अध्यापक श्री अब्दुल मतीन कुरैशी जी को उनके प्रयासों, परिश्रम, उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रशंसा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गईं।

विद्यार्थियों को चॉकलेट्स वितरण कर बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं गईं। जिलाधीश महोदय आदरणीय श्री आकाश छिकारा जी के द्वारा संस्था प्रमुख श्री अब्दुल मतीन कुरैशी जी से चर्चा कर भविष्य में संस्था के लिए कुछ विशेष कार्य योजना पर भी सहमति प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक गण श्री धर्मेंद्र कुमार कुमेटी,आषुतोष बाजपेई, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र सेठिया,ग्राम पंचायत देऊरगांव के सरपंच श्री मंधर कश्यप, उप सरपंच श्री कुलंधर सेठिया, श्री शंकर सेठिया,एवं समस्त पालक गण,ग्राम वासी उपस्थित थे।

## वन अधिकारों की मान्यता में महिलाओं की भागीदारी पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 27 फरवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जिले में वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए है। शासन द्वारा 23 फरवरी को जारी इस महत्वपूर्ण पत्र के अनुसार अब अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को हर स्तर पर अनिवार्य कर दिया गया है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में यह स्पष्ट किया गया है कि वन अधिकार अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में महिलाओं की सहभागिता आवश्यक है, जिसमें ग्राम सभा से लेकर वन अधिकार समितियां, अनुविभागीय स्तरीय समितियां और जिला स्तरीय समितियां तक शामिल हैं। इस नई व्यवस्था के तहत अब वन अधिकार पत्र या पुस्तिका मान्य करते समय अधिनियम की धारा 4(4) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि संबंधित पट्टों में पति और पत्नी दोनों का नाम और प्रतिनिधित्व दर्ज हो। इसके अतिरिक्त वन अधिकार नियमों के अनुसार ग्राम सभा की कुल सदस्यता में कम से कम एक-तिहाई महिलाएं होना अनिवार्य है, ताकि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनका प्रभाव बना रहे। यह भी निर्देशित किया गया है कि वे व्यक्तिगत वन अधिकार दावों के संबंध में जेंडर-सेग्रिगेटेड महिला-पुरुष आधारित अलग-अलग डेटा संधारित करें। चूंकि इस पूरे मामले की समीक्षा राज्य शासन द्वारा की जा रही है, कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों पर की गई प्रगति की जानकारी 15 मार्च तक शासन को प्रेषित करनी होगी, ताकि जमीनी स्तर पर महिलाओं के वन अधिकारों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

## कलेक्टर ने अंतागढ़ क्षेत्र में स्कूल और निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 27 फरवरी।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिले के अंतागढ़ विकाखण्ड के ग्राम पंचायत सुरेवाही में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के उपरांत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत कोतकुड़ के आश्रित ग्राम बागझर में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां पदस्थ दिव्यांग सहायक शिक्षक श्री गणेश गोटा उपस्थित पाए गए। पूछे जाने पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि सहायक शिक्षक श्री गोटा अपनी ड्यूटी पर नियमित रूप से उपस्थित होकर सतत अध्यापन कार्य कराते हैं। कलेक्टर ने उक्त शिक्षक की सराहना की। साथ ही निरीक्षण के दौरान इसी शाला में पदस्थ नीलम ध्रुव अनुपस्थित पाई गई। उन्होंने उक्त सहायक शिक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी को दिए।

तदुपरांत कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने ग्राम बड़ेपिंजोड़ी से बागझर पर निर्माणाधीन पुलिया का



निरीक्षण किया। साथ ही धनेली से बोड़ागांव के मध्य सेतु निर्माण संभाग द्वारा तैयार किए जा रहे पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण श्री राजेन्द्र सोनकर को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। तत्पश्चात कलेक्टर ने ग्राम धनेली के समीप पीएम जनमन के तहत चलाए जा रहे जागरूकता रथ (मोबाइल मेडिकल यूनिट) का औचक निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों द्वारा कराए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में मेडिकल स्टाफ से जानकारी ली। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए उक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट को कारगर बताया।

## महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया कार्यशाला में



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 27 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण को केंद्र में रखकर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने पर व्यापक विमर्श हुआ। जिला पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज सिन्हा ने विभागीय समन्वय के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला जिला पंचायत, पुलिस, श्रम और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, ताकि महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जा सके।

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण घरेलू हिंसा कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम और महिलाओं तथा बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तृत चर्चा रही। विशेषज्ञों ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से इन कानूनों की बारीकियों को प्रतिभागियों के समक्ष रखा। इस महत्वपूर्ण सत्र में जेंडर मास्टर ट्रेनर, संगवारी जेंडर रिसोर्स सेंटर के कैडर, नारी अदालत समिति के सदस्य और सखी वन स्टॉप सेंटर सहित हब के उन अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो सीधे तौर पर जमीनी स्तर पर महिलाओं की सहायता के लिए कार्यरत हैं। सुरक्षा की तकनीकी और कानूनी प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए पुलिस विभाग से उपस्थित थाना प्रभारी माधुरी नायक ने अभिव्यक्ति एप की उपयोगिता और मानव तस्करी जैसे गंभीर मामलों में जीरो एफआईआर की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे पीड़ित या उनके परिजन बिना किसी क्षेत्राधिकार की चिंता किए त्वरित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशिक्षण सह कार्यशाला का संचालन संरक्षण अधिकारी श्रीमती वीनू हिरवानी द्वारा किया गया, जिन्होंने डिजिटल माध्यमों और प्रेजेन्टेशन के जरिए जटिल कानूनी प्रक्रियाओं को सरल रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों से यह आह्वान किया गया कि वे समाज के अंतिम छोर तक महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें और टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 181, 112 और 1098 के अधिक से अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करें, ताकि संकट के समय महिलाओं को तत्काल सहायता और न्याय मिल सके।

### एपस्टीन फाइल पर सियासी संग्राम, तुलिका कर्मा के नेतृत्व में पुतला दहन

# केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी के खिलाफ सड़क पर उतरी महिला कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 27 फरवरी।** स्टीन फाइल मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम सामने आने के बाद दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मंत्री हरदीप इ्क्षसह पुरी का पुतला दहन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। जिला मुख्यालय में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताएं शामिल हुईं। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं होती तब तक संबंधित मंत्री को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं तुलिका कर्मा ने कहा कि यदि किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का नाम किसी गंभीर दस्तावेज या कथित फाइल में सामने



आता है तो लोकतांत्रिक मर्यादा और नैतिकता के आधार पर उन्हें स्वयं आगे आकर जांच का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए जवाबदेही तय होना आवश्यक है अन्यथा जनता का विश्वास कमजोर होता है। महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि राजनीतिक गलियारों में जिस स्टीन फाइल् को लेकर चर्चाएं हो रही हैं उसमें कुछ प्रभावशाली लोगों और नेताओं के नाम दर्ज होने का दावा किया जा रहा है। ऐसे में पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके। जिला



पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत द्वेष के कारण नहीं बल्कि सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार इस मामले पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाती और जांच की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती तो महिला कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन छेड़ेगी। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, ज्योति राव, स्नेह लता पिल्ले, ममता कौशल, शिव कुमारी ध्रुव, रिंकी बेंजाम, दीपमाला कर्मा, रंजीता समेत अन्य उपस्थित थे।

### जिले के सुदूर एवं आदिवासी बाहुल्य लैलूंगा विकासखंड का सघन दौरा कर

# कलेक्टर ने योजनाओं और शासकीय आधारभूत संरचनाओं का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 फरवरी ।** जिले के सुदूर, दुर्गम और आदिवासी बहुल विकासखंड लैलूंगा के व्यापक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेते हुए स्पष्ट, समयबद्ध और परिणामोन्मुख निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र में शिक्षा, आधारभूत संरचना और आजीविका से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने लैलूंगा के झगरपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका ने भवन की मरम्मत, बाउंड्री फेंसिंग तथा परिसर में जर्जर भवन की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने तत्काल सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि हॉस्टल एवं स्कूल भवन की मरम्मत, बाउंड्री फेंसिंग और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करें। साथ ही परिसर में स्थित जर्जर भवन को प्राथमिकता से डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**नर्सिंग कॉलेज और डीएवी स्कूल में कार्यप्रक्रिया तेज करने के निर्देश**

कुंजारा में प्रस्तावित बीएससी नर्सिंग कॉलेज के संचालन के लिए चिन्हित वैकल्पिक भवन और छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर आदिवासी छात्राओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा तय कर कार्य पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाने को कहा। डीएवी स्कूल कुंजारा में भवन



की जर्जर स्थिति पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उप अभियंता द्वारा बताया गया कि स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और अनुमति के लिए प्रस्ताव बिलासपुर अधीक्षण कार्यालय भेजा गया है। इस पर कलेक्टर ने चार दिनों के भीतर प्रक्रिया में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन, गुणवत्ता पर विशेष जोर**

कुंजारा में संचालित रेडी-टू-ईट इकाई के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि समूह प्राथमिक क्षेत्र से द्वितीयक क्षेत्र की ओर अग्रसर हो रहे हैं, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने गुणवत्ता, नियमित उत्पादन और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या में प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।100 सीटर कन्या छात्रावास एवं आईटीआई कॉलेज का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज से क्षेत्र के युवाओं को शत-प्रतिशत रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने ग्रामीण अंचल में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। कृषि विभाग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं डीएमएफ मद से संचालित रागी फसल प्रदर्शन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने उत्पादन वृद्धि और वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही प्रगतिशील किसान श्री कलिंदर नायक द्वारा तैयार गेहूं और चना फसल का अवलोकन कर अन्य किसानों को भी आधुनिक पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य के लिए स्पष्ट कार्ययोजना, समय-सीमा और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। दौरे के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, एसडीएम लैलूंगा श्री भरत कौशिक, सीईओ जनपद पंचायत लैलूंगा सुश्री प्रीति नायडू सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हीरा खनन की मांग पर आहूजा को पीएमओ से आया पत्र

**रायपुर, 27 फरवरी।** गरियाबंद जिला के मैनपुर सेंधमुड़ा खदान से हीरा खनन करने



नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गत दिनों पत्र लिखा था। आहूजा ने पत्र में लिखा है कि सेंधमुड़ा में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हीरा जमीन में दबे हैं। इन कच्चे हीरों को निकालकर राजस्व में वृद्धि कर विकास कार्यों को गति दी जा सकती है। आहूजा के पत्र के जवाब में पीएमओ ने आहूजा को प्रेषित मोबाइल संदेश में जानकारी दी है कि आपके आवेदन का निपटारा कर दिया गया है।

### कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 1 मार्च को, जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्र

**रायगढ़, 27 फरवरी (तछसं.)।** आदिवासी विकास विभाग, जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा 1 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी।आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित केंद्रों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया (संचालित स्थान बालक आश्रम चोढ़ा), पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय धरमजयगढ़ (शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमजयगढ़ के पास, नराईटिकरा), एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमजयगढ़, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लैलूंगा तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल तमनार शामिल हैं। अभ्यर्थियों एवं पालकों से अपील की गई है कि वे परीक्षा तिथि एवं समय का विशेष ध्यान रखें और निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

### कलेक्टर ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने स्कूलों का किया भ्रमण

**महासमुंद 27 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जा रहा है। जिले में इस वर्ष कुल 254 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं के 12 हजार 839 विद्यार्थी तथा 168 विद्यालयों के कक्षा 12वीं के 10 हजार 724 विद्यार्थी 115 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। कक्षा 10वीं एवं 12 वी की वार्षिक परीक्षा जारी है।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज हाई स्कूल परीक्षा की व्यवस्था का निरीक्षण करने महासमुंद स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेलसोंडा एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में अनुशासन, शांति व्यवस्था, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण रहें।कलेक्टर श्री लंगेह ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिरकोनी में लो-विजन 70 प्रतिशत दिव्यांगता से पीड़ित परीक्षार्थी कु. आस्था पांडेय सह-लेखक कु. केशरी निषाद के माध्यम से परीक्षा दे रही है,

# एनव्हीएचसीपी के तहत हिपेटाइटिस की जांच,उपचार का प्रशिक्षण दिया



**रायगढ़, 27 फरवरी।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनव्हीएचसीपी) के अंतर्गत हिपेटाइटिस से संबंधित लक्षण, जांच एवं उपचार विषय पर एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिपेटाइटिस संक्रमण की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए बताया कि हिपेटाइटिस एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है, बशर्ते समय पर जांच और उपचार किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उच्च जोखिम समूहों के प्रति सतर्कता बरतने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिंगल शेयरिंग ब्लेड या रेजर का उपयोग, असुरक्षित तरीके से टैटू बनवाना, संक्रमित गर्भवती माता से शिशु में संक्रमण की संभावना तथा असुरक्षित यौन व्यवहार हिपेटाइटिस संक्रमण के प्रमुख कारण हैं। इनसे बचाव के लिए जागरूकता और नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है।

सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि सभी हाई-रिस्क समूहों एवं एएनसी (गर्भवती महिलाओं) की हिपेटाइटिस जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि संक्रमण की समय रहते पहचान कर उपचार प्रारंभ किया जा सके और आगे प्रसार रोका जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिपेटाइटिस की रोकथाम, स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग एवं उपचार संबंधी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे जिले में वायरल हिपेटाइटिस उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुमित शैलेन्द्र मंडल, डॉ. केनन डेनियल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, डॉ. कल्याणी पटेल, आईडीएसपी कार्यक्रम के जिला डाटा प्रबंधक श्री रामकुमार जांगड़े, सुश्री जानकी देवांगन, माइक्रोबायोलॉजिस्ट सुश्री ज्योति खरे सहित जिले के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं विकासखंड डाटा प्रबंधकों की उपस्थिति रही।

### बजट 2026-27 में जल संसाधन विभाग को बड़ी सौगात

**धमतरी, 27 फरवरी ।** राज्य शासन द्वारा बजट वर्ष 2026-27 में जल संसाधन विभाग अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण सिंचाई एवं बांध सुरक्षा कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के माध्यम से धमतरी सहित कांकेर एवं बालोद जिलों में सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, तट संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा जल प्रबंधन व्यवस्था अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनेगी।जिले के प्रमुख जलाशयों– रविशंकर सागर (गंगरेल बांध), मुरूमसिल्ली बांध, सोंदूर जलाशय तथा न्यू रूद्री बैराज में संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण, तट संरक्षण एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों को शामिल किया गया है।धमतरी जिले में स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत गंगरेल बांध में ठेमली आईलैंड निर्माण (200 लाख) तथा एपॉक्सी ग्राउटिंग एवं हाई प्रेशर वाटर जेट से वीपीडी सफाई कार्य (490 लाख) कर बांध की सुरक्षा एवं दीर्घायु सुनिश्चित की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### होली पर्व पर जिले में 4 मार्च को रहेगा शुष्क दिवस

**रायगढ़, 27 फरवरी (तछसं.)।** होली पर्व के अवसर पर जिले में 4 मार्च 2026 (जिस दिन रंग खेला जाएगा) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश के तहत यह निर्देश जारी किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24, उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4 मार्च को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), समस्त देशी कंपोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट) एवं समस्त विदेशी/प्रीमियम मदिरा (एफ.एल.- 1 घघ) समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा (एफ.एल.1 घघ कम्पोजिट) दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.-3), शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.3 क), पर्यटन बार (एफ. एल. 3 ग) एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त तिथि को मदिरा के विक्रय, वितरण एवं संपूर्ण संव्यवहार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन की स्थिति में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम पंचायत पचपेड़ी ने नशामुक्त गांव बनाने का की अच्छी पहल



**अंवरी, 27 फरवरी।** समाज नशा से दूषित हो गए हैं जो की बच्चे बूढ़े युवा हर वर्ग के लोग नशे से ग्रसित हैं जिस गांव घर में अनेक प्रकार की परेशानियां आती है जिसे देखते हुए ग्राम पंचायत पचपेड़ी ने एक अच्छा पहल किया जिसमें ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा गांव मेंमुनादी कर एवं ग्राम पंचायत व ग्राम विकास समिति के बैठक कर फैसला लिया गया की गाँव के युवाओं को सुधारने एवं सही दिशा देने के लिए ग्राम में शराब वितरण पुर्णत बंद रहेगा पकड़े जाने पर 10000 रू. जुर्माना रखा गया हैसाथ में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते पीलाते पकड़े जाने पर 5000 रू. दण्ड रखा गया है और नियम बनते कहा कि अगर कोई व्यक्ति शराब पीते देखा जाता है इसकी सूचना ग्राम पंचायत / ग्राम विकास समिति को सूचना देता है उसका नाम गोपनीय रखा जायेगा एवं 2000 रू ईनाम रखा गया है। और साथ में सभी पालको को सूचित किया जाता है कि बच्चों को शाम 7 बजे के बाद घर से निकलने न दे अगर घुमते पाया जाता है तो ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति जो निर्णय लेगा वही मान्य रहेगा। ग्राम के किसी भी व्यक्ति (महिला/पुरुष) गांव में गाली गलौच मारपीट या शांति भंग करने का प्रयास करता है तो तत्काल उसकी जानकारी थाने में दिया जायेगा । जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी7 ग्राम में मुनादी कर ग्रामवासियों को सुचित किया गया।

### सिर्री समूह जलप्रदाय योजना से 83 गांवों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**धमतरी, 27 फरवरी।** जिले में जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड कुरूद के 83 ग्रामों को शामिल करते हुए सिर्री समूह जलप्रदाय योजना प्रस्तावित की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से 29,036 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर लगभग 1,53,159 ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में योजना की डीपीआर तैयार की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार इस योजना की अनुमानित लागत 12512.31 लाख रुपये है। योजना के अंतर्गत शामिल 83 ग्रामों में इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए 7,239.23 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा रेट्रोफिटिंग एवं सिंगल विलेज योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।यह योजना सतही जल स्रोत पर आधारित होगी। प्रस्तावित जल स्रोत महानदी पर स्थित रुद्री बैराज है। ग्राम डांडेसरा के समीप महानदी मेन कैनाल में स्थापित क्रॉस रेगुलेटर के अपस्ट्रीम में रॉ-वॉटर कलेक्शन समवेल एवं पंप हाउस निर्माण कर जल प्रदाय किया जाएगा। इस व्यवस्था से सभी 83 गांवों में नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

### ग्राम करेलीबाड़ी में 14 हेक्टेयर में विकसित होगा नया औद्योगिक क्षेत्र

**धमतरी, 27 फरवरी ।** जिले में उद्योग संवर्धन, रोजगार सृजन एवं निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम करेलीबाड़ी में 14.00 हेक्टेयर भूमि पर 1011.05 लाख रुपये की लागत से नए औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट सुविधा, ओवरहेड टैंक, पाइपलाइन, प्रशासनिक भवन तथा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। यहां लगभग 8070 वर्गफीट से लेकर 53410 वर्गफीट तक के कुल 36 भूखंड विकसित किए जाएंगे। इस परियोजना से लगभग 70 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है तथा करीब 300 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध होगा।

### मानपुर विकासखंड सहित जिले की 197 उचित मूल्य दुकानों में मनाया जा रहा चावल उत्सव

**मोहला 27 फरवरी ।** जिले की सभी 197 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों द्वारा ÷चावल उत्सव÷ हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है तथा पात्र परिवारों को खाद्यान्न का वितरण निरंतर जारी है।जिले में कुल 77,757 राशन कार्ड पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से 2,96,785 सदस्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। खाद्य विभाग के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप जिले के अंतिम व्यक्ति तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। विशेष रूप से मानपुर विकासखंड के औंधी जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्रों में राशन कार्डधारियों को फोर्टिफाइड चावल, शक्कर, नमक एवं चना का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# शिविर में कैदियों को बचत,निवेश,बीमा की जानकारी दी गई






■ **बैंक ने जिला जेल में कैदियों के लिए शिविर का आयोजन किया**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 फरवरी ।** अग्रणी बैंक कार्यालय रायगढ़ द्वारा जिला जेल में कैदियों के लिए वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों को बुनियादी वित्तीय ज्ञान प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए आर्थिक रूप से सक्षम और जागरूक बनाना रहा।

कैंप के दौरान प्रतिभागियों को बजट बनाना, नियमित बचत, सुरक्षित निवेश, कर्ज प्रबंधन, ब्याज दरों की समझ तथा जोखिम प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से बैंक की सावधि जमा (एफडी) एवं आवर्ती जमा (आरडी) जैसी कम जोखिम और सुरक्षित निवेश विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि कम से कम तीन माह के आवश्यक मासिक खर्च के बराबर राशि बचत खाते में सुरक्षित रखना चाहिए तथा शेष बचत को सावधि जमा में निवेश करने से बेहतर रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा बैंक खातों में नामांकन (नॉमिनी) सुविधा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि किसी आकस्मिक परिस्थिति में परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।इस अवसर पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की जानकारी साझा की गई और पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित कया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए उप-जेल अधीक्षक श्री जी.एस. शोरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कैदियों के पुनर्वास और भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में श्री कमल किशोर सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं श्री राज कुमार शर्मा, वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता सहित जेल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद में कृषि मशीनीकरण एवं अनुदान योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**धमतरी, 27 फरवरी ।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अधीन संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद में बुधवार को आधुनिक कृषि यंत्रों पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत कृषि यंत्रों के महत्व, रखरखाव एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी प्रदान कर कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना तथा श्रम लागत को कम करना रहा।

यह प्रशिक्षण एआईसीआरपी (ढ्ढष्टक्र) (पशुपालन में कृषि यंत्रीकरण) परियोजना अंतर्गत कृषि यंत्र एवं शक्ति अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. नायक, परियोजना प्रधान अन्वेषक डॉ. वी.एम. विक्टर, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, इंजीनियर




अखिलेश चंद्राकर एवं राज्य अभियांत्रिकी विभाग के इंजीनियर प्रवीण वर्मा सहित महाविद्यालय के वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।अपने उद्बोधन में डॉ. आर.के. नायक ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण किसानों की आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से कृषि यंत्रों का उपयोग एवं नियमित रखरखाव करने से उनकी कार्यक्षमता और आयु में वृद्धि होती है, जिससे किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होता है। डॉ. वी.एम. विक्टर ने एआईसीआरपी परियोजना की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन एवं कृषि कार्यों में आधुनिक यंत्रों के उपयोग से श्रम की बचत, समय प्रबंधन एवं कार्य गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। उन्होंने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन हेतु विश्वविद्यालय से सतत जुड़े रहने का आह्वान किया।महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय अनुदान योजनाओं का समुचित लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कृषकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं समयोचित बताया।राज्य अभियांत्रिकी विभाग के इंजीनियर प्रवीण वर्मा ने कस्टम हायरिंग सेंटर (ष्ट॥ष्ट) प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे एवं सीमांत किसान महंगे कृषि यंत्रों को किराये पर लेकर कम लागत में कृषि कार्य संपादित कर सकते हैं। साथ ही कृषि यंत्रों पर उपलब्ध शासकीय अनुदान (सब्सिडी), पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी प्रदान की गई।

# कलेक्टर ने नाव से दुर्गम इलाकों का निरीक्षण कर विकास कार्यों के लिए दिए निर्देश

**धमतरी, 27 फरवरी ।** जिले की प्राकृतिक संपदा और जल संसाधनों से समृद्ध गंगरेल बांध के आसपास स्थित सुदूर एवं कम चर्चित क्षेत्रों को पर्यटन की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस पहल प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नाव के माध्यम से डुबान क्षेत्र एवं दुर्गम ग्रामों का स्थल निरीक्षण कर वहां उपलब्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संभावनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा पर्यटन विकास के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा डुबान क्षेत्र के सटियारा ग्राम पहुंचे, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में निर्मित गांधी मंदिर का अवलोकन किया। उन्होंने मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन, संपर्क सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऐतिहासिक एवं आस्था स्थलों का संरक्षण एवं सुव्यवस्थित विकास स्थानीय पर्यटन को नई पहचान दे सकता है। उन्होंने सटियारा ग्राम को ग्रामीण पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कुछ तस्वीरें मोबाइल में कैद की ।

इसके पश्चात कलेक्टर तुमराबाहरा ग्राम पहुंचे, जो पूर्णतः मछुआरा समुदाय का गांव है। यहां की अधिकांश आबादी मत्स्याखेट एवं मछली विक्रय पर निर्भर है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इस ग्राम को मछुआरा गांव की थीम पर विकसित किया जाए। मछुआरों की पारंपरिक जीवनशैली, उपकरण, नौकायन पद्धति, स्थानीय व्यंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का दस्तावेजीकरण कर इसे एक थीम आधारित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल स्थानीय संस्कृति का संरक्षण होगा, बल्कि स्वरोजगार एवं आयवृद्धि के नए अवसर भी सृजित होंगे। आवश्यकतानुसार मत्स्य विभाग एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से प्रशिक्षण एवं विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने इसके उपरांत राम टेकरी का निरीक्षण किया, जो ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के राम वन पथ गमन मार्ग में स्थित है। यहां उपलब्ध प्राचीन शिलाचित्रों एवं अवशेषों का अवलोकन करते हुए उन्होंने इसे संरक्षित कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थल धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। क्षेत्र में पहुंच मार्ग सुदृढ़ीकरण, पेयजल व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा होम-स्टे की सुविधा विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो तथा स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिल सके। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि गंगरेल बांध क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य, जल पर्यटन, ग्रामीण संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों का अद्वितीय संगम है। समेकित कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से इन स्थलों का विकास किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती वर्षा रानी, एपीओ जिला पंचायत (मनरेगा) धरम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से साकार हो रहा ऊर्जा आत्मनिर्भरता का संकल्प

**रायपुर, 27 फरवरी।** ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना आम नागरिकों के जीवन में बदलाव ला रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू इस पहल का छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। कोरबा जिले के खरमोरा निवासी हीरा राम साहू ने जून 2025 में अपने घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित कराया। कुल लागत 2.10 लाख रुपये रही, जिसमें केंद्र से 78 हजार और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये का अनुदान मिला। इस तरह 1.08 लाख रुपये की शासकीय सहायता प्राप्त हुई। चार सदस्यीय परिवार वाले साहू पहले नियमित बिजली बिल चुकाते थे, लेकिन अब उनका मासिक बिल अब घटकर 30 से 70 रुपये रह गया है। सेवानिवृत्त सीएसईबी कर्मचारी श्री साहू का कहना है कि योजना ने न केवल खर्च घटाया, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का अवसर भी दिया।

### ग्राम कुकुसदा में 9 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

**रायपुर, 27 फरवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन एवं आबकारी टीम द्वारा जांच-पड़ताल का सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मुंगेली जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा की जा रही सतत कार्रवाई के दौरान ग्राम कुकुसदा में 09 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रकरण में आरोपी रामफल भट्ठ के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध शराब तथा उससे संबंधित आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकायों के आम,उपचुनाव की तैयारी प्रारंभ की

**रायपुर, 27 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री यशवंत कुमार तथा राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्थानीय निकायो के आगामी आम एवं उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से निर्वाचक नामावली के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि आगामी आम /अप निर्वाचन हेतु आवश्यक ,निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक नामावली का अद्यतन डाटा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उक्त नामावली प्राप्त होते ही जिससे स्थानीय निकाय के आगामी निर्वाचन हेतु समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी तथा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के नगरीय निकायो में अध्यक्ष के 6 एव पार्षद के 75 पद तथा ग्रामीण निकायों में जनपद पंचायत सदस्य के 06 पद, सरपंच के 70 पद तथा पंच के 977 पद रिक्त हैं जिन पर आम/उप चुनाव अपेक्षित हैं ।

### अंतागढ़ में श्रमिक सम्मेलन आयोजित

**रायपुर , 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के निर्देशानुसार श्रमिक सम्मेलन-2026 का आयोजन उत्तर बस्तर कांकेर जिले के सामुदायिक भवन अंतागढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग द्वारा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अन्तर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से राशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया। श्रमिक सम्मेलन में उपस्थित सांसद श्री नाग ने सभी उपस्थित श्रमिकों और उनके परिजनों को विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

# पर्यटन विशेषज्ञ सुश्री किर्सी ने ग्रामीण महिलाओं संग किया महुआ संग्रहण

**रायपुर, 27 फरवरी।** बस्तर की समृद्ध जैव विविधता, जीवंत लोकसंस्कृति और ग्रामीण जीवन की आत्मीयता ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी गूंज दर्ज कराई है। संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय पर्यटन विशेषज्ञ एवं 'हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग' की संस्थापक सुश्री किर्सी ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान ग्रामीण परिवेश को नजदीक से समझते हुए स्थानीय महिलाओं के साथ महुआ संग्रहण में सहभागिता की।प्रवास के तीसरे दिन उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य के बीच 'नेचर एंड एनवायरमेंट ऑब्जर्वेशन वॉक' और



बर्ड वॉचिंग गतिविधियों से दिन की शुरुआत की। स्थानीय गाइडों के साथ जंगल की पगडंडियों पर चलते हुए उन्होंने बस्तर की जैव विविधता, वन संपदा और पारिस्थितिकी तंत्र की विशेषताओं को समझा। ग्रामीण महिलाओं के साथ महुआ संग्रहण करते हुए वे खासा उत्साहित दिखीं और इसे आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त उदाहरण बताया।

दोपहर के समय बस्तर की सांस्कृतिक विरासत का मनोहारी दृश्य तब सामने आया, जब धुरवा जनजातीय नृत्य दल ने पारंपरिक मंडरी, डंडारी और गुरगाल नाचा की आकर्षक प्रस्तुति दी। पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों की थाप पर प्रस्तुत इन लोकनृत्यों ने विदेशी अतिथि को मंत्रमुग्ध कर दिया। पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों ने उन्हें इन नृत्यों के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इसके पश्चात उन्होंने पर्यटन विक्रेताओं, स्थानीय हितधारकों और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण संवाद किया। इस दौरान बस्तर में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं, उत्पादों के परिष्करण, विपणन रणनीतियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकास पर तकनीकी चर्चा हुई। धुरमारास क्षेत्र में स्थानीय बांस शिल्पियों और कारीगरों के साथ आयोजित 'तकनीकी इंटरैक्शन' सत्र में सुश्री किर्सी ने बस्तर के प्रसिद्ध बांस हस्तशिल्प की बारीकियों को समझा और उत्पादों के गुणवत्ता संवर्धन एवं वैश्विक बाजार तक पहुंच बढ़ाने के सुझाव दिए। उन्होंने 'कल्चर वॉक' के माध्यम से ग्रामीण जीवन के विविध आयामों का अनुभव किया और स्थानीय आतिथ्य की सराहना की। दिन का समापन धुरवा डेरा होमस्टे में आयोजित डिब्रीफसत्र के साथ हुआ, जहां पूरे दिन की गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस प्रवास का उद्देश्य बस्तर के ग्रामीण पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करना है।

### जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था को लेकर उठ रहे है सवाल

# फिर एक महिला शिक्षिका ने शिक्षक पर बदसलूकी का लगाया आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अम्बागढ़ चौकी 25 फरवरी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षिका उत्पीड़न मामलों को लेकर जिला प्रशासन धीरे धीरे घिरते जा रहा है जहां अभी एक शिक्षक के ऊपर लगे गंभीर आरोप में जांच प्रक्रिया शुरू है वही फिर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल की एक व्यख्याता शिक्षिका ने बुधवार को एक लिखित शिकायत कर जिला कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों में पत्र सौपा है शिक्षिका ने लिखा है कि शिक्षक सुशील कुमार चौरसिया के द्वारा मंगलवार के दिन भरे स्टाप के सामने बदसलूकी करने का आरोप लगाया है बता दे कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के दो शिक्षिका ने हिंदी माध्यम के शिक्षक सुशील कुमार चौरसिया के ऊपर बदसुलूकी सहित कई संगीन आरोप लगाए है जिसकी उच्चस्तर पर जांच की जा रही है वही स्कूल में गठित विशाखा समिति में शामिल सदस्य के साथ भी शिक्षक ने अन्य स्टाप की मौजूदगी में बदसुलूकी की और उन पर जांच से संबंधित दस्तावेज को घर ले जाने जैसे झूठा आरोप लगाया गया साथ ही डराने धमकाने जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है जिससे पीड़ित शिशिक ने लिखित शिकायत कर उच्च अधिकारियों




को शिकायत पत्र सौपा कर उचित कार्यवाही करने के लिए कहा गया है।

### आरोपी को मिला रहा अधिकारियों का संरक्षण

ज्ञात हो स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल की सहायक ग्रेड 3 की महिला कर्मचारी और एक शिक्षिका ने हिन्दी मीडियम के एक व्याख्याता पर मानसिक प्रताड़ना, दुव्यवहार के संगीन आरोपो के तहत कलेक्टर, एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित में शिकायत प्रस्तुत किया है। इन मामलों में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांच के नाम पर जांच अधिकारी बदल रहे हैं। मंद गति से चल रहे जांच में अब तक किसी तरह का ठोस कार्रवाई सुनिश्चित नहीं किया गया है जिससे ऐसा महसूस किया जा रहा है कि शिक्षक को अधिकारियों का संरक्षण मिला हुआ है वही अंबागढ़ चौकी नगर में जिले की प्रशासनिक लचर व्यवस्था को लेकर आम जनता सवाल उठा रहे है ।

### पहले भी इस तरह के मामले हुए है उजागर

बता दे कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हमेशा सुर्खियों में रहा है कभी स्कूल की अव्यवस्था तो कभी शिक्षक की शिकायत को लेकर मामले सामने आते रहे है जबकि इसी शिक्षक को लेकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रधान पाठक महिला शिक्षिका ने संगीन आरोप लगाया था जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर,जिला शिक्षा अधिकारी सहित थाने तक कि गई थी जिसमें अधिकारियों ने अपनी स्तर में जांच कर मामले को रफा दफा कर दिया गया था जिससे उसके हौसले और बुलंद हो गए फिर एक बार उसी तरह का मामला सामने निकल कर आया है अब देखना है कि इस बार उच्च अधिकारी मामले को रफा दफा करते है या फिर आरोप लगे शिक्षक के ऊपर कड़ी कार्यवाही करते हुए पीड़ित शिक्षिका को न्याय दिलाते हैं।

### मोहला- मानपुर विधायक से भी लगाई न्याय की गुहार

पीड़िता सहायक ग्रेड 03 की कर्मचारी महिला ने अपने साथ हुए अन्याय को लेकर मोहला मानपुर विधायक इंदर शाह मंडावी को भी लिखित पत्र सौपा कर आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर न्याय दिलाने का निवेदन किया है ।

> शिक्षक पर लगे आरोप की जांच पूरी हो चुकी साथ ही और एक शिक्षिका की लिखित शिकायत मिली है उसकी भी जाँच की जा रही संभवतः आज जाँच पूरी कर ली जाएगी ।
>
> **योगदास साहू जिला शिक्षा अधिकारी जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी**

# आर्थिक अभाव प्रतिभा की राह में नहीं बनेगा बाधा,कला-संस्कृति को मिलेगा नया आयाम

**रायपुर, 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ ने अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को कला के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में पूर्ण दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से 20 मार्च 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली युवा की प्रगति में बाधा न बने। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में यह छात्रवृत्ति योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल युवा कलाकारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगी। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रवृत्ति प्रोत्साहन हेतु विभिन्न विद्याएं एवं उपविद्याएं निर्धारित की गई हैं। लोक एवं पारंपरिक जनजातीय कलाओं के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की समस्त पारंपरिक जनजातीय एवं लोक नृत्य, नृत्य-गीत, लोकसंगीत, पारंपरिक खेल, वाद्य, पंडवानी, ददरिया, करमा, सुवा, राउत नाचा, गोंडी सहित अन्य जनजातीय गायन-वादन एवं लोक परंपराएं सम्मिलित हैं। शास्त्रीय संगीत में हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक (गायन/वादन) मान्य हैं। शास्त्रीय नृत्य में भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, ओडिसी, मणिपुरी, कथकली आदि विधाएं शामिल हैं। रंगमंच के अंतर्गत हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी नाटक तथा अन्य लोक-जनजातीय नाट्य विधाएं सम्मिलित की गई हैं। दृश्य कला में ग्राफिक्स, मूर्तिकला, पेंटिंग, फोटोग्राफी, मृद्भांड (सेरामिक्स) एवं लोक-जनजातीय चित्रांकन परंपराएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सुगम शास्त्रीय संगीत की विधाएं जैसे ठुमरी, दादरा, टप्पा, भजन, ग़ज़ल एवं कव्वाली भी मान्य हैं।

योजना के लिए पात्रता एवं सामान्य शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए तथा चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है। आवेदक की आयु 15 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा

**रायपुर, 27 फरवरी।** केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज सभी राज्यों के परिवहन और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ पीएम राहत योजना की बैठक ली। इस बैठक में परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल वर्चुअल रूप से शामिल हुए और अपने सुझावों को रखा। बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत योजना के अंतर्गत अब दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर में त्वरित और कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे के भीतर यदि पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो मृत्यु की संभावना 50 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना प्रभावी रूप से लागू की गई है। इस योजना के तहत भारत में कहीं भी मोटर वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित को तत्काल निकटतम सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। यह उपचार आयुष्मान भारत (एबी-पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में उपलब्ध होगा। पीड़ित या उसके परिजनों से किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं लिया जाएगा।

बैठक में केंद्रीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों तक ट्रॉमा/पॉलीट्रॉमा पैकेज के अंतर्गत 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल द्वारा 24 घंटे के भीतर स्थानीय पुलिस को सूचना दी जाती है तथा दुर्घटना का विवरण इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट प्रणाली में दर्ज किया जाता है। अस्पताल द्वारा दावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाता है। स्वीकृत राशि का भुगतान मोटर वाहन दुर्घटना कोष से किया जाता है।

परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बताया कि प्रति पीड़ित, प्रति दुर्घटना अधिकतम 7 दिनों तक 1.50 लाख रुपये तक की सहायता, मोटर वाहन से जुड़ी सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी तथा पूर्णतः कैशलेस सुविधा और प्रदेश में योजना के सुचारु क्रियान्वयन हेतु सभी 33 जिलों के कलेक्टरों के लिए रिजर्व बैंक में खाते खोले जा चुके हैं तथा टीएमएस और पीएफएमएस के माध्यम से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और उनकी जान बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नेशनल हाईवे पर अवैध पार्किंग के खिलाफ एनएसयूआई ने टाटीबंध यातायात प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर, 27 फरवरी।** नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से खड़े किए जा रहे ट्रकों और भारी वाहनों के विरोध में रायपुर जिला एनएसयूआई ने गुरुवार को टाटीबंध यातायात थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। रायपुर जिला एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के निर्देशानुसार सुमित शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने टाटीबंध चौक से लेकर अटारी ओवर ब्रिज तक नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े किए जाने वाले ट्रकों और भारी वाहनों की समस्या को उठाया।

एनएसयूआई नेताओं ने बताया कि सड़क पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और बड़ी घटना की आशंका बनी रहती है। इससे स्थानीय नागरिकों, स्कूली छात्रों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन ने मांग की कि संबंधित क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की जाए तथा स्थायी समाधान के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवांक सिंह, जिला सचिव अनुज सिंह, शिवेंद्र सौरभ, राहुल साहू, श्रीजन साहू, पुष्पेंद्र जायसवाल, भावेश शुक्ला, शिवम गोस्वामी, सोनू वर्मा, झम्मन साहू, मनजोत गिल, प्रियांशु भोई सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# वन विकास निगम में 'डिजिटल क्रांति' और 'रोजगार संगम' का सफल मॉडल

**रायपुर, 27 फरवरी।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के कवर्धा परियोजना मंडल अंतर्गत बोड़ला काष्ठागार में डिजिटल प्रणाली लागू कर कार्यों को अधिक पारदर्शी और सरल बनाया गया है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देकर इसे 'डिजिटल क्रांति' और 'रोजगार संगम' का सफल उदाहरण बनाया गया है। काष्ठागार में लगभग 2500 घन मीटर इमारती लकड़ी और 1200 नग जलाऊ लकड़ी का वैज्ञानिक तरीके से भंडारण किया गया है। लकड़ी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच और लंबाई के अनुसार छंटाई की व्यवस्था की गई है। इससे लकड़ी लंबे समय तक सुरक्षित रहती है और नीलामी के दौरान खरीदारों को बेहतर सुविधा मिलती है। काष्ठागार में अब अधिकतर कार्य ऑनलाइन और डिजिटल माध्यम से किए जा रहे हैं। प्राप्त लकड़ी का डिजिटल पंजीयन कर व्यवस्थित लॉट तैयार किए जा रहे हैं।

# भारत निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की

**रायपुर, 27 फरवरी।** भारत निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी तैयारियों की व्यापक समीक्षा की ।मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ चेन्नई में आयोजित समीक्षा बैठक में तैयारियों का विस्तृत आकलन किया। समीक्षा के दौरान आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए। इनमें आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), इंडियन नेशनल कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम , देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम , द्रविड़ मुनेत्र कड़गम , नाम तमिलर काची तथा विदुथलाई चिरुथिगल काची शामिल रहे। अधिकांश राजनीतिक दलों ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु आयोग के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, चुनाव के दौरान धनबल एवं मुफ्त उपहारों के वितरण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कड़े कदम उठाने का सुझाव दिया गया।

# लोकतंत्र प्रहरी ने रायपुर जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष तिल्दा नेवरा के समाज सेवी लोकतंत्र परिवार के सौरभ जैन नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोकतंत्र प्रहरी एक संगठन है जो लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती और नागरिक अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य करता है। यह संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ का आधिकारिक उत्तराधिकारी है। हाल ही में, लोकतंत्र प्रहरी ने रायपुर जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष तिल्दा नेवरा के समाज सेवी लोकतंत्र परिवार के सौरभ जैन नियुक्त हुए है। रायपुर में आयोजित लोकतंत्र सेनानी संघ की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी के सहमति से राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र प्रहरी के सच्चिदानंद उपासने ने प्रदेश पदाधिकारियों की अनुमति से छत्तीसगढ़ के सभी 26जिला अध्यक्ष की घोषणा की है ।अपनी नियुक्ति पर सौरभ जैन ने



सभी लोकतंत्र सेनानी के प्रति आभार व्यक्त कर मीसा बंदी परिवारों के उत्तराधिकारियों के रक्षा के साथ साथ राष्ट्र सेवा ओर लोकतंत्र की रक्षा करेंगे श्री जैन ने बताया कि आनेवाले जून महीने के पूर्व सभी मंडल ओर नगर इकाइयों का निर्माण किया जाएगा श्री जैन ने लोकतंत्र प्रहरी के उद्देश्य हैः- लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना- नागरिक अधिकारों का संरक्षण लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार श्री जैन ने बताया कि लोकतंत्र प्रहरी लोकतंत्र सेनानी परिवार की रक्षा के साथ साथ नई पीढ़ी को आपातकाल इमरजेंसी के काले धब्बे को बताएगी आपात काल में लोकतंत्र सेनानी ओर उनके परिवार या बाहर से परिवारों को सफ़ेट देने वाले परिवारों के नई पीढ़ी को बताएगी रायपुर जिला ग्रामीण में सभी मंडलों में लोकतंत्र प्रहरी का गठन किया जाएगा।

# दिशा समिति की बैठक में विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई

**रायपुर, 27 फरवरी।** सूरजपुर जिला पंचायत सभाकक्ष में आज सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व निर्देशों की समीक्षा के साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद ने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए कृषि एवं संबंधित विभागों को जैविक पद्धति के लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को मिट्टी परीक्षण तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने की बात कही। बैठक में लोक निर्माण विभाग सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित भौतिक परीक्षण पर जोर दिया गया। सांसद ने कहा कि प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि भी कार्यस्थल का निरीक्षण करें, ताकि सड़कों का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा हो सके।



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में बताया गया कि 72,357 स्वीकृत आवासों में से 60,236 पूर्ण हो चुके हैं। जिला 84 प्रतिशत पूर्णता के साथ राज्य में चौथे एवं संभाग में प्रथम स्थान पर है। पिछले दो वर्षों में 34,809 स्वीकृत आवासों में से 24,420 पूर्ण किए गए हैं। बैठक में अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान भारत, उज्वला योजना, खेलो इंडिया एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित अन्य योजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/0626/न.पा.नि./2026 रायगढ़, दिनांक 26/02/26

### ।। ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 186264 | CONSTRACTION OF SAMUDAYIK BHAVAN FOR RAIGARH PRESS CLUB AT RAIGARH (2nd Call) | 20.00 | 16.03.2026 |
| 2 | 186406 | CONSTRACTION OF SAMUDAYIK BHAVAN AT W.N. 28 | 25.00 | 20.03.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**न.पा.नि. रायगढ़**

## एक नजर

### राज्य स्तरीय नि:शुल्क विकलांग युवक-युवती विवाह एक मार्च को

**रायपुर, 27 फरवरी।** एक मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय विकलांग युवक-युवती सामूहिक विवाह में शामिल विकलांग वर-वधु को शनिवार को आशीर्वाद भवन में तेल मेहंदी लगाई जाएगी। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, कान्य कुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विकलांग विवाह का आयोजन निशुल्क सम्पन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र पांडे एवं छत्तीसगढ़ प्रांत विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल एवं सह संयोजक घनश्याम पोद्दार ने बताया कि एक मार्च को आयोजित इस निशुल्क सामूहिक विवाह के अशीर्वाद समारोह के मुख्य अतिरिक्त पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल करेंगे। समारोह भूषण के रूप में महापौर मीनल चौबे एवं डॉ. विनय पाठक राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विकलांग चेतना परिषद होंगे। जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं वंदना ग्रुप के सुभाष अग्रवाल एवं कान्यकुब्ज सभा शिखा मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा होंगे। विवाह तैयारियों के अंतर्गत 28 फरवरी को विकलांग युवक युवतियों के पहुंचने पर उनका स्वागत, पंजीयन व उनके आवास एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है। इसी दिन में विवाह पूर्व की सभी रस्म अदा की जाएगी। एक मार्च को सुबह 10 बजे सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें आर्य समाज के छत्तीसगढ़ प्रमुख आचार्य जगबंधु एवं आचार्य विरोचन शास्त्री द्वारा अपने सहआचार्यों के साथ वैदिक रीति रिवाजों के पूरे पारंपरिक परिधान में सजे विकलांग युवक युवतियों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात शाम 4 बजे विकलांग वर वधु का आशीर्वाद समारोह व मुख्य अतिथियों के उपस्थिति में सम्पन्न कराया जाएगा।

### यूपीआई सर्कल फीचर शुरू

**रायपुर, 27 फरवरी।** भीम पेमेंट्स ऐप ने यूपीआई सर्कल फीचर शुरू किया है, जो इसी उद्देश्य के लिए बनाया गया है। यह एक प्राथमिक उपयोगकर्ता को विश्वसनीय लोगों को नियंत्रित भुगतान की अनुमति देने में सक्षम बनाता है, स्पष्ट सीमाओं और पूर्ण पारदर्शिता के साथ, ताकि सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित रहे। यूपीआई सर्कल इस आवश्यकता को सुरक्षित और नियंत्रित प्रतिनिधि भुगतान सुविधा के माध्यम से पूरा करता है। यह प्राथमिक उपयोगकर्ता को अपने बैंक खाते से, निर्धारित सीमाओं के भीतर, किसी द्वितीयक उपयोगकर्ता को यूपीआई भुगतान करने की अनुमति देने देता है। इससे यूपीआई पिन, पासवर्ड या डिवाइस एक्सेस साझा करने जैसी असुरक्षित प्रथाओं की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यूपीआई सर्कल एक ऐसा फीचर है जो उपयोगकर्ताओं को यूपीआई प्लेटफॉर्म पर एक विश्वसनीय समूह बनाने और परिवार के सदस्यों या अन्य भरोसेमंद व्यक्तियों को भुगतान की अनुमति देने की सुविधा देता है।

### निधन

#### इच्छु देवी



**रायपुर, 27 फरवरी।** सुधर्म विहार भैरव सोसायटी निवासी सुश्राविका इच्छु देवी देशलहरा धर्मसहायिका शंकरलाल देशलहरा का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे भूपेन्द्र नरेन्द्र प्रवीण की माताजी व चिराग भव्य ईशान की दादीजी थीं।

# होली से पहले किसानों को मिलेगी 10 हजार करोड़ से अधिक की धान की अंतर राशि




**रायपुर, 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है और किसानों की समृद्धि और खुशहाली से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री से आज उनके निवास कार्यालय में प्रदेश के किसानों ने सौजन्य मुलाकात की और कृषक उन्नति योजना के माध्यम से धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को धान से तौलकर प्रदेश के अन्नदाताओं की ओर से अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव किसानों की चिंता करते हैं और उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों की उन्नति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि अटल जी के समय किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू की गई, जिससे किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होने लगा। इससे पहले किसानों को महाजनों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता था, जिससे वे आर्थिक शोषण का शिकार होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को ब्याज मुक्त पूंजी की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है और प्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि धान के अंतर की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। 28 फरवरी को बिलासपुर जिले से इस राशि का अंतरण किया जाएगा और पूरे प्रदेश के विकासखंडों में इसे उत्सव की तरह मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार आगे भी किसानों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# राजधानी में हथियार लहराते अर्धनग्न युवकों ने मनाया बर्थडे

**रायपुर, 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कुछ युवकों ने खतरनाक तरीके से बर्थडे मनाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक गैंगस्टर गानों की धुन पर झूमते हुए हाथों में चाकू और शराब की बोतलें लहराते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वीडियो किसी कमरे या हॉल में आयोजित बर्थडे पार्टी का है।

केक काटने के बाद माहौल अचानक बदल जाता है और युवक कथित रूप से हथियार निकालकर उनका प्रदर्शन करने लगते हैं। कुछ युवक बिना शर्ट के नाचते दिखाई दे रहे हैं, जबकि दो युवक आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं। एक-दूसरे को कंधे पर उठाकर और हवा में चाकू लहराते हुए वे वीडियो बनाते दिख रहे हैं।

#### पहचान की प्रक्रिया शुरू

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने फुटेज खंगाआलना शुरू कर दिया है। इसमें शामिल युवकों की पहचान की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो में दिखाई दे रहे हथियार असली हैं या नकली, इसकी भी जांच की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन करने और सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सोशल मीडिया पर 'दबंग' इमेज बनाने की कोशिश:** इस तरह के वीडियो अक्सर सोशल मीडिया पर दबदबा दिखाने के उद्देश्य से बनाए जाते हैं। गैंगस्टर गानों और हथियारों के साथ वीडियो बनाना युवाओं के बीच एक खतरनाक ट्रेंड के रूप में उभर रहा है।

# 64 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार



**रायपुर, 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा आयोजित 32 वें उपनयन संस्कार समारोह में 64 छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार वैदिक रीति रिवाज और हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विप्र भवन में प्रातः 6:00 बजे से आचार्य ओमप्रकाश तिवारी के दिशा निर्देश में मुंडन, हल्दी सहित सभी रीति रिवाज बटुकों और उसके परिवार जनों के लिए अविस्मरणीय बना। मुख्य यजमान विनय तिवारी एवं संध्या तिवारी सहित अष्टबंध ब्राह्मण नरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, राजेंद्र तिवारी, हरीश शर्मा, अवधेश दुबे, सुरेंद्र दीवान, और नटराज शर्मा ने सभी बालको को आशीर्वाद देते हुए जीवन में उपनयन संस्कार के महत्व को बताया। विप्र भवन में उपनयन संस्कार संपन्न होने के उपरांत बटुकों और उसके परिवार जनों सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बैंड बाजे की धुन के बीच खुशी के साथ नाचते गाते हुए ब्राह्मणपारा सोहागा मंदिर पहुंच कर भगवान मुरली मनोहर और राधा रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, सुरेंद्र दीवान, संजय दीवान, भूपेंद्र शर्मा, मिश्रीलाल पांडेय, व्यास नारायण शुक्ला एवं विप्र शक्ति महिला मंडल के सदस्य विभा तिवारी, कुसुम शर्मा, रत्ना मिश्रा, सुषमा तिवारी, भारती किरण शर्मा, प्रीति शुक्ला और सरिता तरुण शर्मा सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण के समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में सड़क बनाने की बड़ी योजना

# 5 प्रोजेक्ट को 109 करोड़ की मंजूरी डिप्टी सीएम साव ने दिए सख्त निर्देश

**रायपुर. 27 फरवरी।** राज्य शासन ने बीजापुर, बलौदाबाजार-भाटापारा और रायपुर जिले में 5 सड़कों के लिए 108 करोड़ 96 लाख रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। इस राशि से तीनों जिले में पुल-पुलियों सहित कुल 73.86 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को अनुबंधित समयावधि में काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए मापदंडों के अनुरूप सभी सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण सुनिश्चित करने को कहा है।

लोक निर्माण विभाग ने बीजापुर जिले में 42.56 किलोमीटर लंबे पिनकोंडा से चेरपाल मार्ग के लिए 47 करोड़ 64 लाख रुपए की निविदा स्वीकृत की है। इस मार्ग में 80 पुल-पुलिया भी बनाए जाएंगे। विभाग ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 7 किलोमीटर लंबाई में पुल-पुलियों सहित रिसदा बायपास मार्ग के निर्माण के लिए 11 करोड़ 91 लाख रुपए के निविदा को मंजूरी दी है।



लोक निर्माण विभाग ने रायपुर जिले में 9 किलोमीटर लंबाई के भानसोज-बरछा-मालीडीह-खौली मार्ग के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 20 करोड़ 17 लाख रुपए की निविदा स्वीकृत की है। इसमें मार्ग में पड़ने वाले पुल-पुलियों के निर्माण भी शामिल हैं। रायपुर में ग्राम चरौदा-धरसींवा में 3.20 किलोमीटर फोरलेन गौरवपथ के निर्माण के लिए 14 करोड़ 81 लाख रुपए तथा रायपुर रेलवे स्टेशन से शदाणी दरबार तक एक्सप्रेस-वे में 12.10 किलोमीटर लंबाई में डामर नवीनीकरण कार्य के लिए 14 करोड़ 43 लाख रुपए की निविदा को भी लोक निर्माण विभाग ने मंजूरी दी है।

विभाग ने संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को अनुबंधित कार्यों का संपादन और पर्यवेक्षण विभागीय मापदंडों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ये कार्य किसी अन्य को सब-लेट (स्ह्व्ड्ढ-द्यद्गह्ल) नहीं किए जाएंगे तथा कार्य संपादन के लिए पावर-ऑफअटॉर्नी मान्य नहीं होगी। राज्य शासन द्वारा इन निविदाओं की मंजूरी इस शर्त पर दी गई है कि अनुबंध के पूर्व ठेकेदार से एडीशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटी की राशि की बैंक गारंटी जो संपूर्ण कार्यावधि के लिए प्रभावशील हो, प्राप्त कर ली जाए।

### बस्तर में अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ अभियान

**रायपुर, 27 फरवरी।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने बस्तर प्रवास में शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं भेंट जनजागरण अभियान चलाकर लोगों से चर्चा की. डॉ दिनेश मिश्र ने कहा जादू टोने जैसी मान्यताओं का कोई अस्तित्व नहीं है और जादू टोने एवं टोनही के संदेह में निर्दोष महिलाओं पर होने वाली प्रताड़ना दुखद है। शासकीय महाविद्यालय कोंडागांव, बस्तर के परसा पाल.में शिक्षकों , विद्यार्थियों से भेंट कर चर्चा की। डॉ दिनेश मिश्र ने बताया बस्तर में परचनपाल कोरर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, (सरोना), कोंडागांव, चित्रकूट, नारायणपुर ओरछा में अभियान व व्याख्यान आयोजित हो चुके हैं, सरोना के स्कूल में छात्राओं के, कोंडागांव के ग्रामीण अंचल में ग्रामीणों के मामले में भी ग्रामीणों के मध्य सार्थक प अभियान किया जा चुका है. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा देश में अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के कारण अक्सर अनेक निर्दोष लोगों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है, जिससे निदान के लिए आम जन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास की अत्यंत आवश्यकता है. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कुछ लोग अंधविश्वास के कारण हमेंशा शुभ-अशुभ के फेर में पड़े रहते है। यह सब हमारे मन का भ्रम है। शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर ही है। किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाये, मेहनत, ईमानदारी से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं व कुरीतियां अभी भी जड़े जमायी हुई है जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि व बाल विवाह जैसी परंपराएं व अंधविश्वास आज भी वजूद में है। जिससे प्रतिवर्ष अनेक मासूम जिन्दगियां तबाह हो रही है। डॉ. मिश्र ने कहा प्राकृतिक आपदायें हर गांव में आती है, मौसम परिवर्तन व संक्रामक बीमारियां भी गांव को चपेट में लेती है, वायरल बुखार, मलेरिया, दस्त जैसे संक्रमण भी सामूहिक रूप से अपने पैर पसारते है।

### PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 27 फरवरी। टेसू के फूल वृक्षों का बढ़ा रहे सौंदर्य। कवि ने इसे दहकते अंगारे की संज्ञा दी है।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में रेलवे आरक्षण टिकिट बुकिंग काउंटर खोलने सुझाव

**रायपुर, 27 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी तथा शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 21वी बैठक महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में जोनल कॉन्फ्रेंस हॉल बिलासपुर में सम्पन्न हुई।



महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ॑ऋष्ट सदस्य लोकेश साहू जी को साल श्रीफल से सम्मानित किया। कन्फेडरेशन ऑफ़ आल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ रायपुर से कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ZRUCC सदस्य लोकेश साहू ने रेल यात्रियों एवं व्यापारियों के सुविधाओं हेतु कई विषयो को बैठक में प्रमुखता से उठाया। उद्योग एवं व्यवसाय की दृष्टि से छत्तीसगढ प्रदेश भारत देश में अपना अलग ही पहचान बना रहा है, प्रदेश बहुत तरक्की कर रहा है। और इसमें रेलवे का भी बहुत बड़ा योगदान है, भारत की सबसे बड़ी व्यवसायिक संगठन कन्फ्डरेशन ऑफ़ आल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट) रायपुर के तरफ से रेलवे को धन्यवाद् दिया एवं रेलवे विभाग से उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ाने हेतु रेलवे द्वारा मॉल वाहक ट्रेन में जो सुविधाये दी जा रही है उनकी सम्पूर्ण जानकारी व्यापारियों एवं व्यवसायिक संगठन को अवगत कराने हेतु आग्रह किये।

**नई व्यवस्था** | यात्रियों की सुरक्षा व स्वच्छता के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से चलाया जा रहा

# रेलवे स्टेशन में आवारा कुत्तों को पकड़ने अभियान

**रायपुर, 27 फरवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर स्टेशन पर रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुगम रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन पर रेलवे प्रशासन ने स्थानीय निकाय के सहयोग द्वारा स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों की मानवीय तरीके से धरपकड़ का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान रायपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म सहित स्टेशन परिसर में चलाया गया। जिसमें लगभग 20 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। यह अभियान स्थानीय नगर निगम के सहयोग से चलाया जा रहा है।

स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों की उपस्थिति से यात्रियों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को असुविधा का सामना ना करना पड़े। कई बार कुत्तों के झुंड के कारण प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक आवाजाही बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इन संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।



अभियान के अंतर्गत पकड़े गए कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्णतः मानवीय तरीके से किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य स्टेशन परिसर को सुरक्षित, स्वच्छ एवं यात्रियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। इस संबंध में यात्रियों एवं आमजन से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। रायपुर स्टेशन पर स्टेशन री-डेवलपमेंट का कार्य निर्माणाधीन होने के कारण कई जगह खुले स्थान से आवारा कुत्ते स्टेशन परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। जिन्हें रोकने हेतु समुचित उपाय अपनाए जा रहे हैं।

## होली पर एसईसीआर चलाएगा 70 स्पेशल ट्रेनें

**रायपुर, 27 फरवरी।** होली के त्यौहार पर घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कमर कस ली है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और कन्फर्म बर्थ सुनिश्चित करने के लिए कुल 70 स्पेशल ट्रेनों के फेरे संचालित करने का निर्णय लिया है।



#### जोन से शुरू होंगी 14 ट्रेनें

इन 70 फेरों में से 14 फेरे सीधे स्श्चष्टक्र के दुर्ग, बिलासपुर और गोंदिया स्टेशनों से बनकर चलेंगे। प्रमुख ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्गः दुर्ग से 1 व 2 मार्च और निजामुद्दीन से 2 व 3 मार्च को। (वाया रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड) दुर्ग-मधुबनी-दुर्गः दुर्ग से 1 मार्च और मधुबनी से 2 मार्च को। (ठहरावः रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़) गोंदिया-छपरा-गोंदियाः गोंदिया से 1 व 2 मार्च और छपरा से 3 व 4 मार्च को। गोंदिया-पटना-गोंदियाः गोंदिया से 2 मार्च और पटना से 3 मार्च को। बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुरः बिलासपुर से 27 फरवरी और चर्लपल्ली से 28 फरवरी को।

#### 56 फेरे अन्य राज्यों को जोड़ेंगे

इसके अतिरिक्त, 56 फेरे उन स्पेशल ट्रेनों के होंगे जो SECR जोन के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। इनमें मुख्य रूप से तिरुपति-रक्सौल, पटना-चर्लपल्ली और हटिया-दुर्ग जैसी ट्रेनें शामिल हैं। ये ट्रेनें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया और रायगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी।

इस विशेष व्यवस्था से दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों का सफर आसान होगा और उन्हें वेटिंग लिस्ट से राहत मिलेगी।

## भावना बोहरा ने गो-वंश संरक्षण का मामला उठाया

**रायपुर, 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश में गो-वंश संरक्षण व संवर्धन एवं सांस्कृतिक आयोजनों के सन्दर्भ में विधानसभा में मुद्दा उठाया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गो-वंश के लिए चारा, पानी, शेड व मुलभुत सुविधाओं तथा उनके स्वास्थ्य व नियमित टीकाकरण के विषय और सांस्कृतिक योजनाओं में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता को लेकर प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि राज्य में वर्तमान में पंजीकृत एवं अपंजीकृत गो-शालाओं की कुल संख्या कितनी है? गो-वंश संरक्षण एवं संवर्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित किए जा रहे हैं तथा वर्ष 2024-25 में इसके लिए कितनी राशि आबंटित एवं व्यय की गई है? गो-शालाओं में चारा, पानी, पशु-चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्या व्यवस्था की गई है? निराश्रित एवं सड़कों पर विचरण करने वाले गो-वंश की पहचान, पकड़ एवं संरक्षण के लिए क्या ठोस कार्ययोजना लागू की गई है?

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26